राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 93, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 19 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

दिल्ली देहात के दोनों मुख्यमंत्रीयो के गांवों,किसानों को समृद्ध बनाने के सपने को साकार करें .... पेज 03

सपा सरकार में मिली नौकरी से निकाले गए कांस्टेबिलों को सभी सेवा लाभ मिले : हाइकोर्ट .... पेज 05

सरकार के हर विभाग में खिलाड़ियों को नौकरी, सिद्धारमैया ने किया बड़ा एलान .... पेज 07

जीवन के लक्ष्य को देश के विकास के साथ जोड़कर आगे बढ़े युवा : अमित शाह

नयी दिल्ली । केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जनजातीय युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य को देश के विकास के साथ जोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। शाह ने आज यहां जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत 200 जनजातीय युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि संविधान में सबके लिए समान अवसर उपलब्ध हैं और युवाओं को अपने जीवन के लक्ष्य को देश के विकास के साथ जोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं और यह गर्व की बात है कि एक जनजातीय महिला द्रौपदी मुर्मु देश की राष्ट्रपति हैं। शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित क्षेत्रों में निहित स्वार्थ के लिए भ्रांति फैलाई जा रही है कि देश में जनजाति समुदाय के बच्चों का कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हिंसा से रोजगार नहीं मिल सकता, बल्कि विकास और आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए समाज की मुख्यधारा से जुड़ना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि जो लोग वामपंथी उग्रवाद-प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर, सड़क और अन्य ज़रूरी सुविधाएं नहीं आने देना चाहते, वो युवाओं के उज्जवल भविष्य की राह में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि ये युवाओं की ज़िम्मेदारी है कि वो ना तो खुद गलत रास्ते पर जाएं और ना ही दूसरों को जाने दें।

गेहूं की एमएसपी 150 रुपए बढ़कर 2,275 रुपए/ क्विंटल हुई

सरकार ने रबी की 6 फसलों के समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी की

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 2,275 रुपए क्विंटल कर दिया है। रबी की 5 अन्य फसलों जौ, चना, मसूर, सरसों, कुसुम की एमएसपी में भी बढ़ोतरी की है। 18 अक्टूबर को कैबिनेट मीटिंग में ये फैसला लिया गया।

रबी फसल की बुआई लौटते मानसून और पूर्वोत्तर मानसून के समय की जाती है। इन फसलों की कटाई आमतौर पर गर्मी के मौसम में अप्रैल में होती है। ये फसलें बारिश से ज्यादा प्रभावित नहीं होती हैं। रबी की प्रमुख फसलें गेहूं, चना, मटर, सरसों और जौ है।

क्या है एमएसपी या मिनिमम सपोर्ट प्राइस?

न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटेड मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का किसानों पर असर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे।

सरकार हर फसल सीजन से पहले CACP यानी कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेस की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपीउनके लिए फिक्स एश्योर्ड प्राइज का काम करती है। यह एक तरह से कीमतों में गिरने पर किसानों को बचाने वाली बीमा पॉलिसी की तरह काम करती है।

एमएसपी में 23 फसलें

7 प्रकार के अनाज (धान, गेहूं, मक्का, बाजरा, ज्वार, रागी और जौ)

5 प्रकार की दालें (चना, अरहर/तुअर, उड़द, मूंग और मसूर)

7 तिलहन (रेपसीड-सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, कुसुम, निगरसीड)

4 व्यावसायिक फसलें (कपास, गन्ना, खोपरा, कच्चा जूट)

5 गीगावाट कैपेसिटी की लाइन को भी मंजूरी

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट मीटिंग में लद्दाख से मेन ग्रिड तक लाने के लिए 5 गीगावाट कैपेसिटी की लाइन को मंजूरी दी गई है। इसकी अनुमोदित लागत 20 हजार 773 करोड़ रुपए हैं। यह लाइन लद्दाख से हरियाणा के कैथल तक आएगी। ये हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे राज्यों से होकर गुजरेगी। इसे राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ जाएगा।

दुर्गा पूजा

कोलकाता में दुर्गा पूजा उत्सव के लिए सामुदायिक पूजा पंडाल में युवा लड़के और लड़कियां देवी दुर्गा को आभूषणों से सजाते हुए।

पाकिस्तान ने जम्मू सीमा पर गोलीबारी की, दो घायल

जम्मू। पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मंगलवार शाम को बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि मंगलवार रात लगभग सवा नौ बजे पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवानों की ओर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के 53 उम्मीदवारों की सूची जारी की

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को 53 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की।

अखिल भारतीय कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने चुनाव कोर कमेटी की बैठक के बाद आज छत्तीसगढ़ के उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। इससे पहले कांग्रेस ने गत रविवार को 30 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। दूसरी सूची के मुताबिक राज्य की हाईप्रोफाइल मानी जाने वाली सीटों में रायपुर ग्रामीण से पंकज शर्मा , रायपुर शहर पश्चिम से विकास उपाध्याय , रायपुर शहर महंत रामसुंदर दास , दुर्ग शहर से अरण वोरा , बिलासपुर से शैलेष पांडेय , रायगढ़ से प्रकाश शक्रजीत नायक , कोटा से अटल श्रीवास्तव , बेलतरा से विजय केशरवानी और जगदलपुर से जितिन जायसवाल को उम्मीदवार बनाया गया है।

केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 4 प्रतिशत बढ़ा

नॉन गजेटेड रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस

नई दिल्ली। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया है। इसका सीधा फायदा करीब 48.67 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनर्स को होगा। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया।

कर्मचारियों को नवंबर से बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी। इसमें जुलाई और अक्टूबर के बीच की अवधि का एरियर भी शामिल होगा। इस फैसले से सरकार पर हर साल 12,857 करोड़ रुपए का भार आएगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी।

रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस मिलेगा

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रेलवे विभाग के 11 लाख 07 हजार 340 नॉन गजेटेड कर्मचारियों के लिए 78 दिन की सैलरी के बराबर बोनस देने का फैसला भी लिया गया है। इस पर 1,969 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस साल 2010-2011 से दिया जा रहा है।

डीए बढ़ने के बाद कितना फायदा होगा?

बेसिक सैलरी में ग्रेड सैलरी को जोड़ने के बाद जो सैलरी बनती है, उसमें महंगाई भत्ते की दर का गुणा किया जाता है। जो नतीजा आता है, उसे ही महंगाई भत्ता यानी डिअरनेस अलाउंस कहा जाता है। यानी, (बेसिक पे + ग्रेड पे) × DA % = DA अमाउंट

इसे एक उदाहरण से समझते हैं, मान लीजिए बेसिक सैलरी 10 हजार रुपए और ग्रेड पे 1000 रुपए है। दोनों को जोड़ने पर टोटल 11 हजार रुपए हुआ। 11 हजार रुपए का 46 प्रतिशत निकालने पर 5,060 रुपए हुआ। सबको जोड़कर 16,060 रुपए हुए। अब 42 प्रतिशत डीए के हिसाब से इसका कैलकुलेशन देखते हैं। 11 हजार रुपए का 42 प्रतिशत होता है 4620 रुपए। 11000 + 4620 = 15,620 रुपए होता है। यानी 4 प्रतिशत डीए बढ़ने के बाद हर महीने कर्मचारियों को 420 रुपए का फायदा होगा।

जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए दिया जाता है भत्ता

महंगाई भत्ता ऐसा पैसा है जो महंगाई बढ़ने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए दिया जाता है। यह पैसा सरकारी कर्मचारियों, पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों और पेंशनधारकों को दिया जाता है। महंगाई भत्ता साल में दो बार बढ़ाया जाता है।

इसका कैलकुलेशन देश की मौजूदा महंगाई के अनुसार हर 6 महीने पर किया जाता है। इसकी गणना संबंधित वेतनमान के आधार पर कर्मचारियों के मूल वेतन के अनुसार की जाती है। महंगाई भत्ता शहरी, अर्ध-शहरी या ग्रामीण क्षेत्र के कर्मचारियों का अलग-अलग हो सकता है।

अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया : राहुल

विदेश से खरीदा कोयला भारत आकर महंगा हो गया, इसमें पीएम की सहमति

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से बिजनेसमैन गौतम अडाणी पर निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली में 14 मिनट की एक प्रेस कांफ्रेंस की।

जिसमें कहा- अडाणी ने 32 हजार करोड़ का घोटाला किया है। आज महंगी बिजली के पीछे अडाणी हैं। उन्होंने जनता की जेब से पैसे लूटे हैं।

इन आरोपों में भाजपा सरकार को घेरते हुए राहुल बोले- अडाणी में ऐसा क्या है जो सरकार उनकी जांच नहीं कराती है।

उन्हें जो चाहिए होता है, वो मिल जाता है। उनके पीछे किसकी शक्ति है।

इंडोनेशिया से कोयला भारत आते दोगुना महंगा हो जाता है

राहुल ने अडाणी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- अडाणी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है।

भारत में बिजली के दाम बढ़ाए गए, गरीब का पैसा अडाणी की जेब में गया

कोयले के दाम को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया। जिसके चलते भारत में बिजली महंगी हो गई। कर्नाटक में कांग्रेस ने बिजली सब्सिडी दी है। मध्यप्रदेश में देने जा रहे हैं। आपका बिजली का बिल जो बढ़ रहा है उसका पैसा सीधे आपकी जेब से अडाणी की जेब में जा रहा है। इस तरह से अडाणी जी ने करीब 12 हजार करोड़ रुपए सीधे हिंदुस्तान के नागरिकों की जेब से निकाला है। राहुल ने जांच एजेंसी सेबी पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि सेबी ने सरकार को कहा- हमें डॉक्यूमेंट्स नहीं मिल रहे हैं। अजीब बात है फाइनेंशियल टाइम्स के पास प्रूफ है।

जांच एजेंसी के पास नहीं। साफ पता चलता है बड़े पद पर बैठे लोगों से कहीं न कहीं संरक्षण मिला है।

राहुल ने आगे कहा- भारत के प्रधानमंत्री की सहमति के बिना ऐसा नहीं हो सकता। इन सज्जन (अडाणी) के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई ? प्रधानमंत्री इस पर टिप्पणी क्यों नहीं करते ?

किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने की तैयारी करे सेना : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरी दुनिया में अनिश्चितता की स्थिति को देखते हुए सेना से किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने तथा तैयारी करने को कहा है। सिंह ने सेना के शीर्ष कमांडरों के पांच दिन के सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को यहां अपने संबोधन में विश्व में मौजूदा जटिल तथा अनिश्चित स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा, हाइब्रिड युद्ध सहित गैर परंपरागत युद्ध, भविष्य के पारंपरिक युद्धों का हिस्सा होगा और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हो रहे



संघर्षों में भी यह स्पष्ट है। इसके लिए आवश्यक है कि सशस्त्र बलों को रणनीति बनाते और योजना बनाते समय इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। हमें अतीत में घटी और मौजूदा वैश्विक घटनाओं से सीखते रहना चाहिए। अप्रत्याशित की अपेक्षा करें और उसके अनुसार योजना बनाएं, रणनीति बनाएं तथा तैयारी करें। उत्तरी सीमाओं की स्थिति का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना पर पूरा भरोसा व्यक्त किया, हालांकि उन्होंने कहा कि मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी स्तरों पर चल रही बातचीत जारी रहेगी। रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बल के कर्मियों के कठिन परिस्थितियों में काम करने से पश्चिमी और उत्तरी दोनों सीमाओं पर सड़क संपर्क में सुधार हुआ है।

गाजा के अस्पताल पर हुए हमले में शामिल लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इज़रायल हमास संघर्ष में गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर हमले में मारे गए लोगों के लिए संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, गाजा के अल अहली अस्पताल में लोगों की दुखद क्षति से गहरा सदमा लगा। पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना, और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना। मोदी ने यह भी कहा कि दोनों पक्षों के बीच जारी संघर्ष में नागरिकों की हताहत होना गंभीर और निरंतर चिंता का विषय है।

उच्च न्यायालयों के 16 न्यायाधीशों के तबादले

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न उच्च न्यायालयों के 16 न्यायाधीशों के तबादले की घोषणा की।

केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने एक्स पर ये जानकारी साझा करते हुए बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद न्यायाधीशों के तबादले को मंजूरी दी है। मेघवाल के मुताबिक, न्यायमूर्ति एस पी केसरवानी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च

न्यायालय और न्यायमूर्ति नरेंद्र जी को कर्नाटक उच्च न्यायालय से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है।

इसी प्रकार न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पटना उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति एम वी मुरलीधरन को मणिपुर उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद को पटना उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन और न्यायमूर्ति अरुण मोंगा को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार-4 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नानी टागिया को गुहाटी उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सी मानवेद्रनाथ रॉय को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से गुजरात उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण को तेलंगाना उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति जी अनुपमा चक्रवर्ती को तेलंगाना उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकट रमन्ना को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है।

पत्रकार हत्या

ऑफिस से लौटते समय गोली मारी थी, 26 अक्टूबर को सजा सुनाई जाएगी

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्या के सभी 5 आरोपी दोषी करार

एजेंसी

दिल्ली। पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में बुधवार (18 अक्टूबर) को दिल्ली के साकेत कोर्ट ने 5 आरोपियों को दोषी करार दिया। 26 अक्टूबर को इन्हें सजा सुनाई जाएगी। पांचों आरोपियों पर मकोका लगाया गया था।

रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को हत्या का, जबकि पांचवें आरोपी अजय सेठी को आईपीसी की धारा 411 (बेईमानी से चोरी की संपत्ति प्राप्त करना) के तहत दोषी ठहराया गया है।

पत्रकार सौम्या विश्वनाथन के माता-पिता, साकेत कोर्ट के बाहर

पुलिस ने दावा किया था कि हत्या के पीछे का मकसद लूटपाट था। हत्या के दोषी पांचों लोग मार्च 2009 से हिरासत में हैं।

फैसला आने के बाद सौम्या की मां ने कहा कि हम दोषियों के लिए उम्रकैद की मांग करते हैं, उन्हें वही भुगतना चाहिए जो हमने झेला है।

हथियार की बरामदगी से हुआ हत्या का खुलासा

पुलिस ने बताया था कि जिगिशा घोष की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार की बरामदगी से सौम्या की हत्या के मामले का खुलासा हुआ। ट्रायल कोर्ट ने 2017 में जिगिशा घोष हत्या मामले में रवि कपूर और अमित शुक्ला को मौत की सजा और बलजीत मलिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि हाईकोर्ट ने रवि कपूर और अमित शुक्ला की मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था और जिगिशा हत्या मामले में बलजीत मलिक की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा था।

ऑफिस से घर लौटते समय गोली मारी गई थी

25 साल की सौम्या विश्वनाथन हेडलाइंस टुडे की पत्रकार थीं। 30 सितंबर 2008 को दिल्ली के वसंत विहार में आधी रात उनकी हत्या कर दी गई थी। वे ऑफिस से अपनी कार से वापस घर आ रही थीं।

आजम खान, पत्नी और बेटे को 7-7 साल की सजा

रामपुर। उत्तर प्रदेश में रामपुर की एक विशेष अदालत ने जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के कद्दावर नेता और पूर्व सांसद मोहम्मद आजम खान,पत्नी डा तंजीन फॉतिमा और पूर्व विधायक पुत्र अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा सुनाई है। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें आजम खां और उनकी पत्नी डॉ. तजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रहा था।

बुधवार को इस मामले की सुनवाई थी। लिहाजा, दोपहर करीब एक बजे पूर्व

कैबिनेट मंत्री आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और पत्नी डॉ. तजीन फातिमा पहुंच गईं थीं, जबकि कुछ देर बाद भाजपा विधायक आकाश सक्सेना कोर्ट पहुंच गए। दोपहर करीब डेढ़ बजे कोर्ट ने तीनों को दोषी करार दे दिया, जिसके बाद तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। दोपहर करीब ढाई बजे कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए सात-सात साल कैद व 50-50 हजार रूपये जुर्माना लगाया है। आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और उनकी पत्नी डॉ. तजीन फातिमा को सात-सात साल की कैद की सजा दस्तावेजी साक्ष्य और गवाहों के आधार पर हुई है। अभियोजन अधिकारी ने बताया कि अभियोजन की तरफ से 15 गवाह और 70 दस्तावेजी साक्ष्य कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए गए। यही साक्ष्य तीनों की सजा का आधार बने हैं। बचाव पक्ष की ओर से 19 गवाह पेश किए गए, लेकिन अदालत में उनके बयान सिद्ध नहीं हो सके।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
गुरुवार 19 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

'तेलंगाना में विधान सभा चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे राहुल, प्रियंका

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 30 नवंबर को तेलंगाना में होने वाले विधान सभा (टीएसएलए) चुनावों के लिए मुलुगु जिले से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक गांधी और वाड्रा बुधवार को मुलुगु जिले के रामप्पा मंदिर में विशेष पूजा करने के बाद बस के जरिए अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी ने दशहरा की छुट्टियों के लिए थोड़े समय के लिए विराम के साथ तीन दिवसीय यात्रा की रूपरेखा तैयार की है।

शार्ट न्यूज

9 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन

गौतमबुद्धनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्क्षता में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषत: आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है।

भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए जिला सैनिक बंधु समिति की होगी बैठक

गौतमबुद्धनगर। डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल(अ0प्रा0) ने भूतपूर्व सैनिकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कि अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए आगामी 27 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 12ः00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आहूत की जाएगी। अत: भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। उन्होंने समस्त भूतपूर्व सैनिकों का यह भी आह्वान किया कि उनके द्वारा उक्त बैठक में दिए गए बिंदुओं से संबंधित समस्याओं को दिनांक 22 अक्टूबर 2023 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के कार्यालय में लिखित में प्रेषित करें, ताकि जिलाधिकारी को अग्रिम सूचना से अवगत कराया जा सके।

भाजपा कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की कर रही है कोशिश : शिवकुमार

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राज्य में कांग्रेस सरकार को गिराने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोशिश की जानकारी है। उन्होंने कहा, मैं यह जानता हूं भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सभी विधायक आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मुझे बता रहे हैं कि कौन भाजपा के संपर्क में है। वे हमें यह भी बता रहे हैं कि उन्हें क्या पेशकश की जा रही है। जब शिवकुमार से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की भाजपा की कोशिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विधानसभा सत्र होने दीजिए। मेरे पास सारी जानकारी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जिन लोगों से संपर्क किया गया है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को संबोधित कलेक्शन मास्टर पोस्टर जारी करने को लेकर हुए विवाद का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए 2,500 करोड़ की भारी रकम एकत्र की गई थी। इससे पहले श्री शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि इनकम टैक्स द्वारा जब्त की गई 94 करोड़ रुपये की रकम भाजपा नेताओं की है।

स्थानीय लोगों की भागीदारी से सुनिश्चित होगा वन संसाधन प्रबंधन

शिमला। हिमाचल प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने के दृष्टिगत राज्य सरकार ने बेहतर वन प्रबंधन और संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राज्य सरकार ने वन मंडल स्तर पर स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन मित्र योजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य 2061 वन मंडलों में वन संसाधनों के संरक्षण में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। वन मित्रों को वनों की आग से सुरक्षा, पौध रोपण, रेसिंग टैपिंग और बचाव कार्यों जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इस पहल के माध्यम से वन संसाधनों के स्थाई प्रबंधनों के साथ-साथ युवाओं को स्थानीय रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वन संसाधनों के प्रबंधन और संरक्षण में स्थानीय समुदाय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रामीण स्तर पर लोगों द्वारा इन संसाधनों का सदुपयोग किया जाता है, इसलिए इन समुदायों की वन संसाधनों तथा पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा में जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

आईआईटी खड़गपुर का छात्र फंदे से लटका मिला

खड़गपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के चौथे वर्ष का एक छात्र मंगलवार रात छात्रावास के अपने कमरे में मृत पाया गया। अधिकारियों ने इसे आत्महत्या का मामला करार दिया है। संस्थान के एक प्रवक्ता ने बताया कि के. किरण चंद्रा मंगलवार रात लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) हॉल ऑफ रेजिडेंस में अपने कमरे में पंखे से लटका पाया गया। प्रवक्ता ने कहा कि कल शाम लगभग साढ़े सात बजे तक किरण अपने दो रूममेट्स के साथ हॉस्टल के कमरे में था। बाद में उसके दोनों दोस्त पढ़ाई करने के लिए वहां से चले गए। इसके बाद रात लगभग साढ़े आठ बजे एलबीएस हॉल के साथी छात्रों ने पाया कि किरण का कमरा अंदर से बंद है। प्रवक्ता के अनुसार, कमरे के दरवाजे को बलपूर्वक खोले जाने पर किरण को फांसी पर लटका पाया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा गार्ड और अन्य छात्र उसे तुरंत बीसी रॉय प्रौद्योगिकी अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने रात लगभग 11.30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया। किरण द्वारा आत्महत्या का रास्ता चुनने पर हैरानी व्यक्त करते हुए संस्थान ने कहा कि पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

ओडिशा में करोड़ों रुपये की संपत्ति का भंडाफोड़

भुवनेश्वर। ओडिशा सतर्कता के अधिकारियों ने बुधवार को अंगुल जिले में एक जूनियर इंजीनियर के कब्जे से करोड़ों रुपये की चल और अचल संपत्ति का भण्डाफोड़ किया। जूनियर इंजीनियर प्रसन्ना कुमार पाणि से जुड़ी संपत्तियों की तलाशी के दौरान सतर्कता अधिकारियों ने भुवनेश्वर में तीन बहुमंजिला इमारतों और एक फ्लैट सहित पांच इमारतों, 17 भूखंडों, 51 लाख रुपये से अधिक की जमा राशि, 3.21 लाख रुपये नकद के साथ अन्य संपत्तियों का पता लगाया है। पाणि अंगुल के पल्लाहारा के बीईओ कार्यालय में समग्र सिख्य अभिजाना के कनिष्ठ अभियंता (तकनीकी सलाहकार) के रूप में काम कर रहे थे। प्रसन्न कुमार पाणि द्वारा आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में छह डीएसपी, छह इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारियों के नेतृत्व में सतर्कता अधिकारियों द्वारा खुरधा (भुवनेश्वर), अंगुल तथा पुरी जिलों में नौ स्थानों पर एक साथ घरों की तलाशी ली जा रही है।

पत्नी के आत्महत्या करने की सूचना के बाद पति ने भी आत्महत्या की

अलवर। राजस्थान के अलवर जिले में बानसूर के गांव धीरपुर में एक विवाहिता के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना के बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में तैनात जवान ने भी अपने कार्यस्थल पर सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार एक विवाहित महिला ने ससुराल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का पति बीएसएफ में जम्मू के कुपवाड़ा में तैनात है। पत्नी की मौत की खबर का पता चलते ही जवान ने भी अपनी सर्विस रिवॉल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पति पत्नी के एक साथ आत्महत्या करने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना भी बीती रात की है। घटना के कारणों का अभी कोई पता नहीं चला है।

जानकारी के अनुसार राजेन्द्र (27) पुत्र बुधराम यादव निवासी धीरपुर बीएसएफ में जम्मू के कुपवाड़ा में तैनात था।

डीएम ने नकली औषधियों के विक्रय पर रोकथाम के लिए गठित समिति की महत्वपूर्ण बैठक की

आयुष मिशन के कार्यक्रमों का जनपद में किया जाए व्यापक प्रचार प्रसार

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनपद वासियों को आयुष मिशन के कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला आयुष समिति तथा नकली, भ्रामक एवं मिलावटी आयुर्वेदिक व यूनानी औषधियों के विक्रय पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से गठित समिति की आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी नें जिला आयुष समिति की बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जनपद में जो आयुष मिशन के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, उनका व्यापक प्रचार प्रसार

सुनिश्चित कराया जाए, ताकि जनपद के अधिक से अधिक लोग आयुष मिशन के कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें एवं जनपद में संचालित योग वैलनेस सेंटर का मानकों के अनुरूप संचालन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योग के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार केम को निर्देश दिए कि जनपद में नवनिर्मित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय को जल्द से जल्द हस्तांतरण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनमानस राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों का लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि जनपद में नकली, भ्रामक एवं मिलावटी आयुर्वेदिक यूनानी औषधियां के विक्रय पर रोकथाम लगाने के लिए व्यापक जांच अभियान संचालित किया जाए, और यदि कोई भी नकली या भ्रामक, मिलावटी औषधियों का विक्रय करते पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, जिला औषधि निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

त्रिपुरा : दुर्गा पूजा पंडाल में लगी आग

अगरतला। त्रिपुरा के शहर के उजान अभयनगर स्थित एक दुर्गा पूजा पंडाल में बुधवार दोपहर बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई, जिससे पूरी तैयारी जलकर राख हो गई।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, ओल्ड मोटर स्टैंड से जीबी हॉस्पिटल रोड पर घनी आबादी वाले इलाके में आग आज दोपहर उस वक्त लगी, जब कुछ कलाकार पंडाल के अंदर काम कर रहे थे, तभी शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली, जिसकी चपेट में पंडाल आ गया। आग तेजी से पंडाल में फैल गयी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाडियां घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पुलिस ने बताया कि जब यह हादसा हुआ तब करीब 12 मजदूर पंडाल के अंदर सजावट और दुर्गा प्रतिमा को अंतिम रूप देने का काम कर रहे थे। वे सभी बिना किसी चोट के सुरक्षित बाहर निकल आए लेकिन सभी सजावट, मूर्तियाँ और प्रकाश सामग्री पूरी तरह से जल गईं। उन्होंने बताया कि क्लब हाउस और आसपास की दो दुकानें भी आग की चपेट में आ गयीं। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा और इलाके के विधायक, कांग्रेस नेता सुदीप रॉयबर्मन ने सभी पूजा आयोजकों को पूजा के दौरान आग और अन्य मानव निर्मित आपदाओं पर अतिरिक्त सतर्क रहने की सलाह दी।

नार्को-आतंकवाद, मनोवैज्ञानिक युद्ध बड़े खतरे : मनोज सिन्हा

बारामूला। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कहा कि हाल में नार्को-आतंकवाद और मनोवैज्ञानिक युद्ध बड़े खतरे उभर रहे हैं और पुलिस को अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इन चुनौतियों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना होगा। सिन्हा ने बारामूला के उत्तरी शीरी इलाके में 510 नए रंगरूटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा,जैसे-जैसे तकनीक दिन-व-दिन उन्नत होती जा रही है नार्को-आतंकवाद और मनोवैज्ञानिक युद्ध हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस को अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर इन खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करना होगा।

सिन्हा ने एक साथ कई मोर्चों पर लड़ने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रतिभा से भरी है और उसने यूटी के सम्मान एवं प्रतिष्ठा की



रक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने दावा किया, पिछले तीन वर्षों में, स्थिति बहुत बदल गई है और एक आम आदमी शांतिपूर्ण जीवन जी रहा है। पर कुछ विध्वंसक तत्व शांति को बाधित करने में अपनी भूमिका निभाते रहते हैं क्योंकि वे गरीब लोगों के शांतिपूर्ण जीवन जीने से खुश नहीं हैं।जम्मू-कश्मीर पुलिस को इन शांति विरोधी तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी चाहिए।

सिन्हा ने कहा कि पुलिस एक तरफ आतंक और आतंकवाद से लड़ रही है और दूसरी तरफ कानून व्यवस्था बनाए रख रही है।

जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में

आबकारी निरीक्षकों के द्वारा जनपद में की गयी संदिग्ध वाहनों की चेकिंग व देशी, विदेशी, बीयर फुटकर दुकानों का किया निरीक्षण

गौतमबुद्धनगर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 द्वारा अशोकनगर, कोंडली, झुंडपुरा, सेक्टर 14ए में दिल्ली गौतमबुद्धनगर बॉर्डर पर दिल्ली की तरफ से आने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई और आने जाने वाले लोगो को गैर प्रांत की शराब का परिवहन व विक्रय न करने के लिए जागरूक किया गया तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 द्वारा सदरपुर नंबर 1, छलैरा सैक्टर 44, बख्तावरपुर रोड छलैरा, सदरपुर नम्बर 2 स्थित देशी, विदेशी, बीयर फुटकर दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया

गया। आबकारी टीम द्वारा विक्रेताओं को नियमानुसार दुकानों को संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया। दुकानों पर पोस मशीन, पेटीएम, गूगल पे से ही बिक्री हो इसको भी सुनिश्चित किया गया। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 द्वारा शहबेरी, रोजा जलालपुर स्थित दुकानों की एवं कैनटीन की गहनता से चेकिंग की गयीं।

सभी दुकानों पर नियमों को सुनिश्चित कराने के साथ ही दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज कराया गया। निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर विक्री न हो साथ ही पोस मशीन एवं ऑनलाइन माध्यम से ही बिक्री हो इसको भीं सुनिश्चित किया जा रहा हैं तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-6 द्वारा कासना, लुक्सर, घरभरा स्थित दुकानों की एवं कैंटीन की गहनता से चेकिंग की गयीं। सभी दुकानों पर नियमों को सुनिश्चित कराने के साथ ही दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज करवाया जा रहा हैं।

निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर विक्री न हो साथ ही पोस मशीन एवं ऑनलाइन माध्यम से ही बिक्री हो इसको भीं सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 7 की आबकारी एवं मेरठ प्रवर्तन की संयुक्त टीम द्वारा सिकंदराबाद टोल प्लाजा पर वाहनों की चेकिंग भी की गयी एवं फुटकर दुकानों और मॉंडल शॉंप का निरीक्षण भी किया गया। दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया गया। आबकारी टीम द्वारा विक्रेताओं को नियमानुसार दुकानों को संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय लुक्सर का किया स्थलीय निरीक्षण

जिलाधिकारी ने सीएसआर फंड द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए की प्रशंसा

गौतमबुद्धनगर। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कंपोजिट विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनाए रखने एवं पढ़ने वाले छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय लुक्सर ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अध्यापकों से शिक्षण कार्यों के संबंध में गहनता के साथ जानकारी प्राप्त की जोकि संतोषजनक प्राप्त हुई। एसएमसी कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से सीएसआर फंड द्वारा कराए गए विद्यालय भवन के निर्माण कार्य एवं मूलभूत सुविधाएं क्लासरूम, स्मार्ट क्लास आदि सुविधाओं का जिलाधिकारी ने गहनता के साथ

समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीएसआर फंड द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर संतोष प्रकट करते हुए कार्यों की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर तक आने वाली सड़क की संबंधित प्राधिकरण से वार्ता करते हुए मरम्मत कराई जाए एवं लुक्सर कंपोजिट विद्यालय को अभ्युदय विद्यालय में सम्मिलित किए जाने के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

'हक की बात जिलाधिकारी के साथ' संवाद कार्यक्रम का होगा आयोजन

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 4.0 अभियान के तहत आगामी 20 अक्टूबर को जिला प्रशासन गौतम बुद्ध नगर द्वारा हक की बात जिलाधिकारी के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले संवाद कार्यक्रम में यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न तथा दहेज हिंसा आदि से पीड़ित महिलाओं के संरक्षण, सुरक्षा तंत्र, सुझावों तथा सहायता के लिए महिलाएं जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर 9870145599 पर दोपहर 12: 30 बजे से 2: 30 बजे तक सीधा संवाद कर सकती हैं।

मोहाली में हथियारों के साथ गैंगस्टर पकड़ा

लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के लिए करता था काम

चंडीगढ़। पंजाब एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मोहाली के खरड़ लांडरा रोड से एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। यह गैंगस्टर लॉरेंस और गोल्डी बराड़ के लिए काम करता था। पुलिस ने गिरफ्तारी के समय इसके कब्जे से चार पिस्टल और 12 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी गैंगस्टर की पहचान सचिन उर्फ बच्ची के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

मोहाली में घटना को देना था अंजाम

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी मोहाली में किसी घटना को अंजाम देने के लिए आया था। उसे विदेश में बैठे दूसरे गैंगस्टरों से घटना को अंजाम देने की जिम्मेदारी मिली थी। इस पर पहले भी पंजाब में कई

मुकदमे दर्ज हैं।

रेकी करने के दौरान पकड़ा गया

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी खरड़ लांडरा रोड पर रेकी कर रहा था। तभी पुलिस को इसके बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने सुबह तड़के 3 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह आरोपी गैंगस्टरों को हथियार भी उपलब्ध कराता था। पुलिस आरोपी से इसके साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

पूर्व भाजपा सरकार ने जन मंच के नाम पर जनता को ठगा : सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने सरकार में रहते हुए आम जनता को ठगने का काम किया। प्रदेश में राजस्व विभाग से जुड़े दाखिल खारिज के करीब 22 हजार मामले लंबित पड़े हुए हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब जन मंच का आयोजन किया गया, तो इन मामलों का निपटारा क्यों नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जन मंच के नाम पर भाजपा आम लोगों को ठगती रही, लेकिन अब कांग्रेस सरकार आम लोगों की इस समस्या का समाधान करेगी। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संसाधनों पर आपदा प्रभावितों के लिए राहत पैकेज जारी किया है। इसकी शुरुआत जिला मंडी से होने जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अब तक हिमाचल प्रदेश को कोई सहायता नहीं दी है। विशेष राहत पैकेज देना तो दूर, अब तक हिमाचल प्रदेश की ओर से क्लेम किया गया नुकसान का मुआवजा भी सरकार की ओर से

नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय टीम हिमाचल प्रदेश के नुकसान का जायजा लेकर गई है। ऐसे में अब भी राज्य सरकार को उम्मीद है कि केंद्र हिमाचल प्रदेश के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं का चरित्र आम जनता के सामने आ चुका है। विधानसभा में सरकारी संकल्प के दौरान भाजपा विधायकों ने हिमाचल प्रदेश में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने वाले संकल्प का साथ नहीं दिया। वहीं, जिला परिषद कैडर की हड़ताल को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जिला परिषद के कुछ कर्मचारियों को स्टेट कदर में ला दिया है।

सिमलीपाल रिजर्व में बाघों की गणना शुरू

भुवनेश्वर। ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना बुधवार को शुरू हुई। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि मयूरभंज जिले के सतकोसिया, कप्टीपाड़ा, बिसोई, रायरंगपुर और करंजिया उपमंडलों के वन क्षेत्रों में तीन चरणों में गणना की जाएगी। पहले चरण में, 18 से 20 अक्टूबर तक पगमार्क के माध्यम से गणना की जाएगी और दूसरे चरण में 25 से 28 अक्टूबर तक राज्य में बाघों की आबादी जानने के लिए अनुप्रस्थ सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में, एक नवंबर से 25 नवंबर तक कैमरा ट्रैपिंग विधि के माध्यम से गणना की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, बाघों की गतिविधियों को जानने के लिए रणनीतिक स्थानों पर लगभग 500 कैमरे लगाए जाएंगे। गणना का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए 700 वन कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने ओडिशा में बाघों की संख्या 2006 में 45 से घटाकर 2022 में 20 कर दी थी।

केटीआर का तेलंगाना विधानसभा चुनावों में बीआरएस को वोट देने का आग्रह

एजेंसी

करीमनगर। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना सरकार में मंत्री के टी रामा राव (केटीआर) ने मतदाताओं से 30 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों में बीआरएस को समर्थन प्रदान करने का बुधवार को आग्रह किया।

राव ने करीमनगर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस द्वारा राज्य में बेरोजगारी के आरोपों का जमकर खंडन किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि बीआरएस सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में 2.2 लाख नौकरियों की अधिसूचना जारी की है, जिसमें 1.3 लाख पद पहले ही भरे जा चुके हैं।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने तेलंगाना में कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह युवाओं को भड़काने की कोशिश कर रही है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की आलोचना की।

हैदराबाद में उत्पीड़न का सामना करने के बाद आत्महत्या करने वाली प्रवालिका की दुखद मौत पर उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने घटना का राजनीतिकरण करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रवालिका के परिवार से मुलाकात की, उनका समर्थन करने और उसके भाई के लिए नौकरी देने का वादा किया।

उन्होंने करीमनगर के विकास में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) नेता बंडी संजय के योगदान पर भी सवाल उठाया और क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों और मंदिरों की कमी की ओर इशारा किया। उन्होंने मस्जिदों को खोदने वाले श्री संजय के बयान को संदर्भित किया और सभी समुदायों के लिए शैक्षणिक संस्थान, आवास, नहर और पूजा स्थल का निर्माण करने की बात की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने सभी समुदायों के कल्याण की दिशा में काम किया है और कभी भी धर्म के आधार पर राजनीति नहीं की है। संजय की भावनात्मक अपीलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने मतदाताओं को आगाह किया कि वे घड़ियाली आंसुओं के बहकावे में न आएं और बीआरएस को वोट देकर सही निर्णय लें।

संजय द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना भगवान से किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने बढ़ती कीमतों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी की और जनधन खाता जमा करने वालों को भाजपा और रायथू बंधु का लाभ उठाने वालों को बीआरएस का समर्थन करने के लिए वोट देने की बात की।

शार्ट न्यूज

राम बनवास की लीला देख आंखें हुई नम

नई दिल्ली। आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में दशरथ कैकई संवाद व राम बनवास कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कंप्यूटरराइड यंत्रों, लेजर लाइट व एलईडी स्क्रीन के सहयोग से सुंदरबन, भव्य एवं खूबसूरत महल दिखाया गया। राम बनवास की लीला देख दर्शकों की आंखें नम हो गई। रामलीला का उद्घाटन योगेंद्र चंदोलिया महामंत्री भाजपा दिल्ली प्रदेश व सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश के द्वारा किया गया। इस अवसर पर योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि राम का जीवन त्याग की प्रतिमूर्ति है उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए राजमहल को छोड़ दिया। प्रभु राम ने नियम त्याग का एक आदर्श स्थापित किया किया। अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने पर्यावरण संरक्षण में सहयोग हेतु अपील की। कार्यक्रम में देवराज, बी पी गर्ग, चंदन शर्मा, नितिन बत्रा, प्रवीण कुमार सिंह,प्रदीप गोयल, देवेंद्र गुप्ता, संदीप खंडेलवाल, आनंद गुप्ता,श्रवण सिंघल ,विनोद अग्रवाल, श्याम सुंदर,उपस्थित रहे।

मेवाड़ में मूट कोर्ट प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों की 11 टीमों ने लिया भाग

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट की ओर से आयोजित मूट कोर्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की 11 टीमों ने भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 302 और 34 पर जोरदार बहस की। कानूनी उदाहरणों के साथ इनके पक्ष-विपक्ष में अपने तर्क पेश किये। जिसके आधार पर अपीलकर्ता पक्ष से दो और प्रतिवादी पक्ष से भी दो विजेता घोषित किये गये। वादी पक्ष की टीमों में प्रतीक्षा वत्स, श्रेया प्रकाश व अनुष्का राय टीम और प्रतिवादी पक्ष से अक्षत मोगा, अदिति जैन व सूर्य प्रताप टीम प्रथम घोषित की गई। जबकि वादी पक्ष से रुहानी मलिक, आराध्या श्री व मानसी वरदिया टीम एवं मोहम्मद अमजद व करिश्मा ढींगरा टीम द्वितीय स्थान पर रही। सर्वश्रेष्ठ वक्ता प्रसन्न भारद्वाज रहे। स्पेशल मेट्रोपोलिटन जज सेवानिवृत्त मसूद रजा और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमन नरेश मूट कोर्ट प्रतियोगिता के जज रहे। प्रतियोगिता की संयोजिका सहायक प्रोफेसर श्रेया अग्रवाल एवं सह-संयोजक शिवम सिंह थे। प्रतियोगिता के निर्णायकों ने अपने सम्बोधन में प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। उन्हें उनकी ताकत और कमियों के बारे में बताया।

भारतीय सनातन संस्कृति ने सदैव पूरी वसुधा को माना है अपना परिवार: अनूप लाठर

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिषद के तत्वाधान में अदिति महाविद्यालय, शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज और पूर्वी एशियाई अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा सामूहिक रूप से जी-20 सांस्कृतिक एवं अकादमिक संगम- भारत-इटली संबंध सेतु का आयोजन किया गया। शहीद सुखदेव कॉलेज में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत और इटली के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक संबंधों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी देश या व्यक्ति को जो सम्मान दिया जाता है, वह उसके पूरे जीवन की यात्रा होती है। जी-20 का नारा वसुधैव कुटुम्बकम मात्र एक नारा नहीं है, बल्कि भारतीय सनातन संस्कृति ने तो सदैव ही पूरी वसुधा को अपना परिवार माना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भावात्मक रूप से दिलों को जोड़ते हैं। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि, दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद के डीन प्रो. रविंदर कुमार, ने सत्य, ज्ञान और श्रद्धा को जोड़ते हुए जी-20 कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

दिल्ली में औद्योगिक प्रदूषण पर वार

एक महीने तक चलेगा अभियान, निरीक्षण के लिए 66 टीमें की गई हैं तैनात

नई दिल्ली। राजधानी में सर्दी के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण में औद्योगिक प्रदूषण की भी भागीदारी होती है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार सख्त हो गई है। औद्योगिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए एक महीने तक अभियान चलाया जाएगा, जोकि 20 अक्तूबर से 20 नवंबर तक चलेगा। इसमें औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के लिए डीपीसीसी और डीएसआईआईडीसी की 66 टीमों की तैनाती की गई हैं।

इस संबंध में बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि औद्योगिक अपशिष्ट की डंपिंग की निगरानी के लिए पेट्रोलिंग

टीम तैनात की गई है। इस बैठक में डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, डीएसआईआईडीसी समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

66 टीम प्रदूषण को रोकने के लिए करेंगी त्वरित कार्रवाई

राय ने बताया कि सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 29 सितंबर को 15 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की गई थी। दिल्ली में वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत औद्योगिक प्रदूषण पर निगरानी और उसके अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य शुरू हो गया है।

यह सभी 66 टीमें औद्योगिक इकाइयों पर निगरानी रखने और उनके द्वारा प्रदूषण को रोकने के लिए त्वरित कदम उठाने का कार्य करेगी।

जिसकी रिपोर्ट समय-समय पर पर्यावरण विभाग को भेजी जाएंगी। डीपीसीसी की इस टीम को औद्योगिक इकाइयों द्वारा पर्यावरण नियमों के उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश जारी किया गया है।

1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में किया परिवर्तित

गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली की 1753 पंजीकृत औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी में परिवर्तित कर दिया गया है। ऐसे में कोई भी औद्योगिक इकाई पर्यावरण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाती है, तो उस पर संबंधित विभाग द्वारा उचित और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुरकायस्थ की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की अयाचिका पर वह गुरुवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई 19 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी कि वह संबंधित फाइल का अवलोकन करना चाहती है।

इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में नोटिस जारी किया जाना चाहिए। दोनों आरोपियों ने अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद शीर्ष न्यायालय का दरवाजा खटखटा आया है। उन्होंने विशेष अनुमति याचिका दायर कर दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिक रद्द करने की गुहार लगाई है। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 13 अक्टूबर को अपनी याचिका खारिज होने के बाद उस आदेश को विशेष अनुमति याचिका के जरिए शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

याचिकाकर्ता पुरकायस्थ और चक्रवर्ती को चीन से धन लेकर उसके पक्ष में प्रचार प्रसार करने के आरोप में तीन अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां सात दिनों की दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया था।

राज तिलक के बाद श्री राम को हुआ वनवास

नई दिल्ली । नवरात्र के चौथे दिन मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी द्वारा आज राम बारात आगमन , रामजी की राजतिलक की घोषणा एवं राम वनवास का सफल मंचन किया गया लीला के दौरान राम वनवास देख दर्शकों की आँखों में पानी आ गया । लीला में कैकई का पात्र शालिनी चौहान निभा रही हैं। उनका मानना है कि इस पात्र को निभाने लिए वो सदैव उत्साहित रहती हैं। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी डेरावाल नगर में शाम को भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद डॉ हर्षवर्धन भी पहुंचे। उन्होंने लीला के प्रबंध की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चैयरमेन अखिल सिंघल मंचन को लेकर बताया कि लीला के मंचन को देखने के लिए सभी आयु वर्गों के महिला पुरुषों के साथ बच्चे भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं । रामलीला के प्रधान विकेश सेठी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि आमजन अपनी रीतियों और परम्पराओं को बेहतर प्रकार से जान सकें।

मां कुष्मांडा भक्तों को मय से दिलाती है मुक्ति

नई दिल्ली। श्री सिद्ध शक्ति पीठ शनिधाम, असोला में चौथे दिन पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी महाराज के सान्निध्य में मां कुष्मांडा की पूजा, अर्चना और हवन किया गया। इस मौके पर महामंडलेश्वर परमहंस निजस्वरूपानंदपुरी महाराज ने मां का गुणगान करते हुए कहा कि मां हमेशा अपने भक्तों पर विशेष कृपा बनाए रखती हैं। मां देवी कुष्मांडा की पूजा करने वाले साधकों के जीवन में शांति आती है और उन्हें सुख समृद्धि व लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसके अलावा सही विधि के साथ मां कुष्मांडा की पूजा करने पर हर कार्य में सफलता मिलती है और साधकों के जीवन से भय, दुख, दूर होता है। साथ ही बीमारियों और रोग से भी निजात मिलती है। मां कुष्मांडा की भक्ति से आयु, यश, बल, और स्वास्थ्य की वृद्धि होती है।

स्वर्गीय श्री नारायण दत्त तिवारी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

उत्तराखंड के विकास पुरुष थे स्वर्गीय श्री एन.डी तिवारी : दयानंद वत्स भारतीय

नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहे स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी की पांचवीं पुण्यतिथि और 98 वीं जयंती पर उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

गौरतलब है कि 18अक्टूबर 1925 को उनका जन्म हुआ और 18 अक्टूबर



स्वर्गीय श्री एन.डी तिवारी

2018 को ही उनका निधन हुआ। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि तिवारी जी उत्तराखंड के विकास पुरुष थे। वे तीन बार उत्तर प्रदेश, एक बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और आंध्रप्रदेश के राज्यपाल भी रहे। उनका व्यक्तित्व आकर्षक और सम्मोहक था। तिवारी जी हंसमुख स्वभाव के स्वामी थे। उनकी नेतृत्व क्षमता के कारण ही कांग्रेस ने उन्हें मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के पद पर सुशोभित किया। विराट व्यक्तित्व के स्वामी तिवारी जी भारत के पहले ऐसे राजनेता थे जिनके व्यक्तिगत संबंध सभी दलों के नेताओं से हमेशा ही मधुर रहे।

दिल्ली देहात के दोनों मुख्यमंत्रीयो के गांवों,किसानों को समृद्ध बनाने के सपने को साकार करें सरकार : पंचायत संघ

'चौ. ब्रहम प्रकाश, साहिब सिंह वर्मा का सपना, दिल्ली का गांव व किसान मजबूत हो अपना' को पूरा करें सरकार : थान सिंह यादव

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश ने दिल्ली देहात के दूसरे मुख्यमंत्री दिल्ली साहिब सिंह वर्मा जी ने दिल्ली देहात,गांवों व किसानों के मुद्दों को लेकर पूर्व में शहरी विकास मंत्री भारत सरकार को जो एक लाख लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सोंपा था। उसे जल्द पूरा कराने के लिए गांव मादीपुर के ऐतिहासिक पांडव कालीन मंदिर में 27अक्तूबर को पंचायत बुलाई हैं।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री चौधरी ब्रह्म प्रकाश व देहात के दूसरे मुख्यमंत्री साहब सिंह वर्मा ने हमेशा दिल्ली देहात व गांवों, किसानों के लिए संघर्ष व समृद्ध बनाने के लिए काम किया।

उनके सपने को पूरा करने के लिए चेता रहे है कि दिल्ली सरकार,उप राज्यपाल दिल्ली व शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार तुरंत इस पर कार्य करे।

उस समय सांसद रहे साहिब सिंह वर्मा ने वर्ष 2000 में 17 जून को एक लाख लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पूर्व में शहरी विकास मंत्री भारत सरकार

थान सिंह यादव प्रमुख दिल्ली पंचायत संघ

जगमोहन को सौप था ।उनके साथ पूर्व परिवहन एवं विकास मंत्री देवेन्द्र सिंह शौकीन व अन्य नेता भी थे।

पंचायत में पूर्व परिवहन एवं विकास मंत्री देवेन्द्र सिंह शौकीन के अलावा दिल्ली देहात के नेताओं की उपस्थिति रहेगी।

- उसमें मुख्य मांग किसानों को अपनी जमीन स्वयं विकसित करने का अधिकार देने की मांग थी।
- नक्शा डीडीए या अन्य एजेंसी तैयार करें और किसान उसे विकसित कर बेचें।
- दोषपूर्ण भूमि अधिग्रहण की नीति बदलने की मांग।
- उनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने प्रतिवर्ष 12 फ़ीसदी मुआवजा वृद्धि करने का फैसला लिया था ।जिसे आज तक लागू नहीं किया गया।
- डीडीए द्वारा पूर्व निर्धारित अवधि में अधिग्रहित भूमि पर पहले से तय योजना पर क्रियांवन नहीं होने पर किसानों को उनकी जमीन लौटाई जाने की मांग।
- जिन किसानों ने मुआवजा नहीं उठाया

उन्हें उस भूमि से बेदखल नहीं किया जाने की मांग थी।

- वैकल्पिक प्लाट किसानों को उसकी अधिग्रहित भूमि की दर पर दिया जाए। जिनको अभी तक नहीं दिए गए ।उन्हे देने का काम करें सरकार।
- दिल्ली में कृषि भूमि अधिग्रहण से किसान परिवार व उस पर निर्भर परिवार बेरोजगार हो गए ।उसके लिए दिल्ली की नौकरियों में सबसे पहले उन्हें प्राथमिकता देने की मांग।

साहिब सिंह वर्मा जी ने दु:ख जताया था कि जिस कानून को अंग्रेजों ने बनाया आजादी मिलने के बाद उसी का अनुपालन किया जा रहा है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव व सह प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि 18सूत्री मांगो पर गांवों व किसानों के हितों के लिए भी काम करें सरकार।

पंचायत संघ दिल्ली देहात व गांव बचाओ की 18सूत्री मांगो व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री साहिब सिंह वर्मा की दिल्ली देहात के समृद्ध होने के सपने को लेकर लडाई के लिए बड़ा आदोलन व देहात के सभी पार्टियों के नेताओं को को इस पर काम करने का आग्रह पर पंचायत में ठोस निर्णय लिए जाएंगे ।ओर माननीय प्रधानमंत्री जी से गांवों व किसानों की समस्याओं को लेकर एक बोर्ड बनाने की मांग रहेगी व गांवों, किसानों को मुख्यमंत्री दिल्ली,उप राज्यपाल दिल्ली ओर शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार इन तीनों से इन्हे अलग रखने की मांग रहेगी।

श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा विशाल राम बारात निकाली गई

नोएडा । श्री सनातन धर्म रामलीला समिति नोएडा द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 19 से भगवान श्री राम की विशाल राम बारात निकाली गई। जिसमें 7 रथ चार घोड़े नगाड़े के साथ राम बारात का शुभारंभ किया। श्री सनातन धर्म मंदिर में सभी पात्रों की पूजा हुई उसके बाद एक-एक करके सभी को रथों में विराजमान कराया गया प्रथम श्री गणेश जी की पूजा के साथ राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ शिव पार्वती एवं राधा-कृष्ण जी की झांकी। संस्था के सभी वरिष्ठ सदस्य संरक्षक श्री पीयूष द्विवेदी , चेयरमैन डा. टी एन गोविल जी, अध्यक्ष श्री टी. एन चौरसिया, सुशील भारद्वाज जी, महासचिव संजय बाली जी, रमेश कुमार जी, शुभकरण सिंह राणा, अनिल खंडेलवाल, प्रमोद रंगा, चंद्रपाल सिंह, राजीव गर्ग आदि ने पूजन कर राम बारात को रवाना किया । श्रीराम बारात डीएम चौराहा सेक्टर 19 टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर 9 जो हरौला सेक्टर 5 सेक्टर 8 बास बल्ली मार्केट सेक्टर 10 सेक्टर 11 सेक्टर 12 चौड़ा मोड से होती हुई रामलीला मैदान पर पहुंची। बारात के पूरे रास्ते में

शहर वासियों ने जगह-जगह राम बारात का भव्य स्वागत किया भगवान श्री राम की आरती उतारी और प्रसाद का भी वितरण किया। भव्य और विशाल राम बारात जिसका एक बहुत ही सुंदर स्वरूप दिख रहा था बारात स्टेडियम पर पहुंच कर आगे का मंचन प्रारंभ हुआ। राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारों भाइयों का विवाह संपन्न हुआ। मंच पर सभी आए हुए नोएडा के भक्तों ने बारात का नाच-गाकर भव्य स्वागत किया। राम बारात मंच पर सभी ने आनंद उठाया आगे की लीला में दशरथ जी द्वारा भगवान राम के राजतिलक की घोषणा, कैकई-मंथरा संवाद, दशरथ कैकई संवाद, भगवान को वनवास की लीला का मंचन किया गया।

फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ दरिया गंज ने बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ किया प्रदर्शन

दिल्ली नगर निगम की तानाशाही के चलते दरियागंज इलाके में पटरियों/सड़को पर बढ़ता अतिक्रमण

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में दिन प्रतिदिन अतिक्रमणकारियों का जमावड़ा बड़ता जा रहा है जहा ताहा पटरियों पर सड़को पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण जाम जेसी गंभीर समस्याएं बनती जा रही है । वाहन तो दूर लोगो का पैदल मिलना भी दुर्भर होता जा रहा है। बात करे राजधानी दिल्ली स्थित दरिया गंज इलाके की तो या हालत गंभीर है । दिल्ली नगर निगम की मिली भगत से अतिक्रमण दिन प्रतिदिन बड़ रहा है । दिल्ली नगर निगम की बढ़ती तानाशाही के खिलाफ फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ दरिया गंज के आवाहन पर दुकानों के बाहर पटरी वा सड़कों पर दिन प्रतिदिन रेडी पटरी के बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

फेडरेशन के संरक्षक मनोज कुमार जैन, अध्यक्ष धीरू धींगरा व महामंत्री योगेश जैन ने दारीजागंज की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय निगम पार्षद सारिका चौधरी की लापरवाही से बीते लगभग 6 महीनो से दरियागंज इलाके में सड़को पर रेडी पटरी वालों का अतिक्रमण बड़ता जा रहा है। इसी समस्या को लेकर फेडरेशन के समस्त पधाधिकारी व समस्त दुकानदारों के साथ मिलकर दिल्ली नगर निगम की मेयर शैली ओबरॉय को लिखित में एवं मौखिक रूप पर बढ़ते अतिक्रमण की समस्याएं कई बार दर्ज कराई हैं लेकिन दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत के कारण इन अतिक्रमणकारियों पर कोई उचित कार्रवाई नहीं होती जिससे इनका मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और क्षेत्र में जाम जैसी गंभीर समस्या के साथ पैदल निकलना भी दुर्बल हो गया है । दरियागंज इलाके में जहां मिंटो का सफर घंटे में तय करने पर जनता मजबूर हो गई है ऐसे में त्योहारों के सीजन में तो यहां पर रेडी पटरी के कारण समस्याएं विकराल रूप ले रही हैं सुबह से शाम तक जाम की गंभीर समस्या के चलते लड़ाई झगड़े होते हैं लेकिन निगम कर्मचारी इस ओर जरा भी ध्यान नहीं देते। फेडरेशन के संरक्षक मनोज कुमार जैन और फेडरेशन अध्यक्ष धीरू धींगरा ने बताया कि लगातार समस्याओं के बारे में दिल्ली नगर निगम को अवगत कराया जा रहा है लेकिन दिल्ली नगर निगम अवैध उघाई के कारण इन रेडी पटरी वालों पर कोई कार्रवाई नहीं करती जिससे यहां के दुकानदारों की दुकानदारी पर भी प्रभाव पड़ा है और सड़को पर रेडी पटरी पर अतिक्रमण के कारण उनकी दुकानों पर ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे जिसके चलते अब उनको अनगिनत समस्याएं का सामना करना पड़ रहा है। आप देखना होगा कि खबर प्रकाशित किए जाने के बाद क्या दिल्ली नगर निगम मेयर शैली ओबेरॉय एवं दरिया गंज की निगम पार्षद सारिका चौधरी इस और ध्यान देती है या फिर इसी प्रकार से दरियागंज के दुकानदार एवं स्थानीय जनता बढ़ते अतिक्रमण का शिकार होकर अपने आप को दिल्ली सरकार से ठगा हुआ महसूस करेगी।

प्रदूषण को लेकर यातायात पुलिस का स्पेशल अभियान

नोएडा। ऐसे में यातायात पुलिस की ओर से 15 दिनों का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रतिबंधित और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान और उनको सीज किया जाएगा। इसके लिए सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात प्रथम एवं द्वितीय के पर्यवेक्षण और यातायात निरीक्षक के नेतृत्व में 6 टीमों का गठन किया गया है। यहां जोन स्तर पर ग्रेप की रोकथाम के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसमें संयुक्त टीम में संभागीय परिवहन विभाग और प्रदूषण नियंत्रण के अधिकारी भी शामिल होंगे। दरअसल , नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू है। हर साल एक अक्टूबर इसे लागू किया जाता है। ताकि प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके। इसके लिए अलग-अलग फेज में प्रतिबंध लगाए जाते है। अभी स्टेज-1 लागू है। ये आगे न बढ़े इसलिए यातायात पुलिस और बाकी टीम मिलकर 15 दिनों का स्पेशल अभियान चला रही है।

केजरीवाल ने पालम 360 खाप के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाक़ात

आवासन नहीं समाधान तक आंदोलन जारी रहेगा : चौ सुरेन्द्र सोलंकी

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज गांवों के मसलों पर आंदोलन कर रहे पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी व अन्य खापों के प्रमुखों के साथ बैठक की। इस दौरान खापों के प्रमुखों ने उनको अपने मुद्दों से अवगत कराया और उन्हें जल्द से पूरा करने की मांग की, वहीं मुख्यमंत्री ने उनके मसलों से सहमति जताई हुए उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया। चौ. सुरेंद्र सोलंकी के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों को हाउस टैक्स से मुक्त करने के मामले की वह दो दिन में रिपोर्ट लेकर कार्रवाई आरंभ कर देंगे, जबकि डीएलआर एक्ट की धारा-81 और धारा-33 के तहत कार्यवाही को समाप्त करने, धारा-81 में दर्ज पुराने मामलों को तुरन्त वापस लेने और धारा-74 (4) के अंतर्गत गांवों के भूमिहीनों, पूर्वसैनिकों व उनकी विधवाओं आदि को ग्रामसभा की भूमि में आवंटित रिहायशी व कृषि

भूमि के पट्टों को मालिकाना हक देने के संबंध में उनकी सरकार ने प्रस्ताव कर रखे है। इसके अलावा ग्रामसभा की जमीन का डीडीए को हस्तान्तरण करने पर रोक लगाने, उसका इस्तेमाल गांवों में सुविधाएं उपलब्ध कराने, सभी गांवों में लाल डोरे का विस्तार करने, स्वामित्व योजना को लागू करके ग्रामीणों को उनकी पुश्तैनी सम्पति का मालिकाना हक देने और भूमि अधिग्रहण से संबंधित सर्किल रेट पूरी दिल्ली में एक समान करने के संबंध में जल्द ही प्रस्ताव पास किए जाएगे। उनके साथ बवाना 52वीं खाप के प्रधान चौ. धारा सिंह, लाडो सराय 96 खाप के प्रधान चौ. नरेश व सुरहेड़ा 17 के प्रधान त्रिभुवन यादव भी मौजूद थे। इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने उनको बताया कि उनकी खाप काफी समय से गांवों के विभिन्न ममलों को लेकर केंद्र सरकार व दिल्ली सरकार का दरवाजा खटखटाने में लगी हुई, लेकिन अभी तक उनके मसलों पर गौर नहीं हुआ है। इस कारण ग्रामीणों में भारी रोष है और उन्होंने आंदोलन आरंभ करने के लिए कमर कस ली है। उन्होंने एक अक्तूबर को जंतर मंतर पर पंचायत के दौरान एक माह बाद अगली पंचायत मुख्यमंत्री के निवास पर करने का ऐलान किया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने उससे पहले ही उनको बातचीत करने के लिए बुला लिया।

संपादकीय

दिल्ली शराब घोटाला बन सकता है बहस का मुद्दा

अब दिल्ली में शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने जो कहा है, अगर वह कानूनी तौर पर जमीन पर उतरा तो यह इस मसले पर एक बड़े बदलाव का उदाहरण बनेगा। अनियमितता से संबंधित मामलों में कार्रवाई आमतौर पर उन्हीं लोगों पर केंद्रित रहती है, जो आरोपी होते हैं और माना जाता है कि अवैध गतिविधियों या लेनदेन में उनकी मुख्य भूमिका है। इस संदर्भ में यह एक विडंबना ही रही है कि किसी भ्रष्ट गतिविधि का लाभ तो एक पूरे समूह को मिलता है, लेकिन जब उसका खुलासा होता है तो आरोपों के कठघरे में एक-दो लोग ही आते हैं। अब दिल्ली में शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ ने जो कहा है, अगर वह कानूनी तौर पर जमीन पर उतरा तो यह इस मसले पर एक बड़े बदलाव का उदाहरण बनेगा। दरअसल, दिल्ली आबकारी नीति मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान सीबीआइ और ईडी ने अदालत को बताया कि इस मुकदमे में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाने पर विचार किया जा रहा है। आरोपों की प्रकृति के सवाल पर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि आरोप अलग हो सकते हैं, लेकिन अपराध एक ही होगा। जाहिर है, अगर भ्रष्टाचार के आरोपों में इस स्तर पर कानूनी कार्यवाही चलती है, तो इस संबंध में एक नया आयाम खुलेगा। यह सवाल उठेगा कि अगर किसी राजनीतिक पार्टी में जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति किसी अनियमितता में मुख्य आरोपी है, लेकिन उसकी गतिविधियों का लाभ पूरी पार्टी को मिले, तो जिम्मेदारी का दायरा क्या होना चाहिए। इसी कोण से अदालत में उठी बात के बाद ईडी और सीबीआइ की ओर से ताजा रुख जाहिर किया गया। गौरतलब है कि पांच अक्तूबर को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से पूछा था कि अगर शराब घोटाले से सीधे आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचा, तो फिर उसे आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। अदालत के इस सवाल के बाद अब ईडी और सीबीआइ ने एक तरह से इसी सवाल को कार्रवाई के दायरे में शामिल करने का संकेत दिया है। अब तक आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेताओं- मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को आबकारी घोटाले से जुड़े मामलों में ईडी और सीबीआइ ने गिरफ्तार किया है। इस क्रम में अब मामले की आंच समूची पार्टी तक पहुंचती दिख रही है। हालांकि अगर ईडी और सीबीआइ आम आदमी पार्टी को भी कठघरे में खड़ा करने के लिए कानूनी पहल करती है, तो इससे जुड़े कानून की कसौटी पर यह परखा जा सकता है कि क्या धनशोधन रोकथाम अधिनियम के दायरे में किसी राजनीतिक पार्टी को भी लाया जा सकता है। दरअसल, धनशोधन रोकथाम अधिनियम की धारा-70 को अब तक कंपनियों के जरिए किए जाने वाले अपराधों की स्थिति में लागू होता रहा है। मगर यही कानून अगर राजनीतिक दल को आरोपी बनाने में उपयोग होता है, तो संभव है कि इसके लिए अलग से कोई और कानूनी रास्ता अख्तियार करना पड़े। कानूनी पेचीदगियों की वजह से यह मसला बहस का केंद्र बनेगा। यह छिपी बात नहीं है कि भ्रष्टाचार या अनियमितता की लाभार्थी कई बार समूची पार्टी होती है, लेकिन कार्रवाई के दायरे में एक-दो नेता आते हैं। इस तरह किसी व्यापक दायरे का भ्रष्टाचार व्यक्तिगत मामला बन कर रह जाता है। सवाल है कि ऐसे मामलों में पार्टी की जिम्मेदारी क्या होगी? अगर कानूनी कसौटियों पर किसी राजनीतिक दल को आरोपी बनाने का आधार मजबूत हुआ तो आम आदमी पार्टी को शायद गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़े!

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से किया इनकार

प्रेम और स्नेह की भावना दो लोगों में किस तरह पनपती है और वे साथ रहने का फैसला करते हैं, यह एक जटिल प्रक्रिया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। मगर इसकी मांग करने वाला पक्ष इस फैसले को अपनी बड़ी जीत मान रहा है। दरअसल, समलैंगिक संबंधों को भारतीय समाज में एक अभिशाप माना जाता रहा है। इसलिए जब ऐसे जोड़ों ने साथ रहने की मांग की थी और सर्वोच्च न्यायालय ने इसकी इजाजत दे दी थी, तब समाज और सरकार की तरफ से तीखी प्रतिक्रियाएं आई थीं।

मगर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद समलैंगिकों को समाज में नजर बचा कर चलने से एक तरह से मुक्ति मिल गई। अब कानूनी रूप से उनके व्यक्तिगत अधिकारों में दखल नहीं दी जा सकती। हालांकि जब ऐसे जोड़ों ने विवाह रचा कर साथ रहने और सामान्य वैवाहिक जीवन जीने की इजाजत चाही, तो यह सर्वोच्च न्यायालय के लिए भी एक कठिन स्थिति थी।

इस पर न्यायालय ने इस संबंध में काम करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं, केंद्र और सभी राज्य सरकारों को शामिल किया और उन सबकी राय ली। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा था कि वह समलैंगिक विवाह के पक्ष में नहीं है, क्योंकि भारतीय परंपरा के अनुसार विवाह का अर्थ दो विपरीत लिंगी लोगों के साथ रहने और वंशवृद्धि करने की इजाजत देना है।

दरअसल, भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। उससे जुड़े अनेक रीति-रिवाज हैं। वह केवल दो लोगों का अपनी सहमति से साथ रहने का अधिकार नहीं है। मगर संविधान दो लोगों को अपनी मर्जी से विवाह करने की इजाजत देता है। हालांकि वहां भी विवाह की परिभाषा स्त्री और पुरुष के बीच संबंधों से जुड़ी हुई है।

ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय के लिए उसमें से कोई रास्ता निकालना कठिन था। इसलिए प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करते हुए कहा कि हम इससे संबंधित कोई कानून नहीं बना सकते। इस पर सरकारों को विचार करने की जरूरत है। इस संबंध में फैसला सुनाते हुए प्रधान न्यायाधीश ने जो बातें कहीं, वे बहुत मार्मिक और मानवीय हैं, जो समलैंगिकों के विवाह के अधिकार पर नए सिरे से सोचने को विवश करती हैं।

उन्होंने कहा कि विवाह कोई अपरिवर्तनीय संस्था नहीं है। उसका स्वरूप अब काफी कुछ बदल चुका है। ऐसे में समलैंगिकों के बारे में भी नए ढंग से सोचने की जरूरत है। उन्होंने यह जिम्मेदारी सरकार पर छोड़ दी है।

दरअसल, हमारे समाज में समलैंगिकों को बहुत संकीर्ण नजरिए से देखा जाता रहा है। जबकि न्यायालय स्पष्ट कर चुका है कि उनमें भी सामान्य मनुष्य की तरह ही भावनाएं होती हैं। परिवार बनाने की आकांक्षा मनुष्य में स्वाभाविक है। प्रेम और स्नेह की भावना दो लोगों में किस तरह पनपती है और वे साथ रहने का फैसला करते हैं, यह एक जटिल प्रक्रिया है। मगर अभी तक समलैंगिकों को समाज में उपेक्षा और प्रताड़ना ही मिलती रही है।

सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसलों ने समलैंगिकों की भावनाओं को समझने की नई दृष्टि दी, जिससे कुछ हद तक उनके प्रति स्वीकृति बननी शुरू हुई है। ताजा फैसले से निस्संदेह ऐसे लोगों को देखने का समाज का नजरिया कुछ और साफ होगा। इसीलिए समलैंगिक समूह ने इस फैसले को अपनी जीत कहा है।

एक लंबे संघर्ष के बाद इस तरह के लोगों को मानवीय दृष्टि से देखने की शुरुआत हुई है, आगे विवाह को लेकर भी नए ढंग से सोचने की राह बन सकती है। समाज का नजरिया बदलेगा, तभी सरकार का नजरिया भी उदार हो सकेगा।

राजस्थान में बदलाव की बयार

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में पिछले तीस वर्षों से हर पांच साल बाद सत्ता बदलने का रिवाज चला आ रहा है। अगले महीने होने वाले राजस्थान विधानसभा के चुनाव में जहां भाजपा हर बार राज बदलने के रिवाज को बनाए रखने का प्रयास कर रही है। वही सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार बनाकर रिवाज बदलना चाहती है। चुनाव में दोनों ही पार्टियों पूरे दमखम के साथ उतरने जा रही है। तीसरे मोर्चे के रूप में बसपा, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन, भारतीय आदिवासी पाटी, वामपंथी पार्टिया जैसे छोटे राजनीतिक दल भी प्रदेश की राजनीति में तीसरी शक्ति बनकर सत्ता की चाबी अपने हाथ में लेना चाहते हैं।

राजस्थान में पिछले 30 वर्षों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की मुख्य धुरी बने हुए हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस की राजनीति घूमती है। कांग्रेस पार्टी में जैसा गहलोत चाहते हैं वैसा ही होता है। 1998 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते अशोक गहलोत जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। तब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में कई दिग्गज नेता सक्रिय थे। जिनमें मुख्य परसराम मदेरणा, शीशराम ओला, नवल किशोर शर्मा, कुंवर नटवर सिंह, शिवचरण माथुर, जगन्नाथ पहाड़िया, हीरालाल देवपुरा, बलराम जाखड़, चौधरी नारायण सिंह, रामनारायण चौधरी, कमला बेनीवाल, खेत सिंह राठौड़, प्रद्युम्न सिंह, गुलाब सिंह शक्तावत जैसे दिग्गज नेता मौजूद थे। उस वक्त गहलोत ने इन सभी को मात देकर मुख्यमंत्री का पद हासिल किया था।

बाद में गहलोत ने एक-एक कर सभी बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से किनारे लगा दिया। आज स्थिति यह है कि कांग्रेस की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रतिद्वंदी बनकर उभरे सचिन पायलट भी साइड लाईन हो चुके हैं। गांधी परिवार के वफादार भंवर जितेंद्र सिंह का व्यक्तित्व इतना बड़ा नहीं है कि उनके नाम पर मुख्यमंत्री पद के लिए आम सहमति बन सके। 2008 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते सीपी जोशी मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार बने थे। मगर उनकी एक वोट से हुई हार ने उनका राजनीतिक कैरियर ही चौपट कर दिया था। गत वर्ष कांग्रेस आलाकमान ने गहलोत के स्थान पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का प्रयास किया था। जिसके लिए मल्लिकार्जुन खर्गे व अजय माकन पर्यवेक्षक बन कर जयपुर आए थे। मगर विधायकों द्वारा विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर देने से सचिन पायलट दूसरी बार मुख्यमंत्री बनते बनते रह गए थे।

मुख्यमंत्री गहलोत पिछले पांच साल से लगातार अपनी सभाओं में कहते आ रहे हैं कि वह चौथी बार भी मुख्यमंत्री बनेंगे। मगर लगता है कि अब कांग्रेस में भी बड़ा उलट-पुलट होने वाला है। विधानसभा चुनाव के बाद यदि कांग्रेस पार्टी फिर से सरकार

बनती है तो गहलोत के स्थान पर किसी नए नेता को ही कमान मिलने की अधिक संभावना नजर आने लगी है। पिछले पांच वर्षों में जिस तरह से गहलोत ने सरकार चलाई है। उससे कांग्रेस नेता राहुल गांधी संतुष्ट नहीं बताये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा हायर की गई एक निजी प्रचार एजेंसी डिजाइन बॉक्स को लेकर भी पार्टी में बड़ा विवाद हुआ था। डिजाइन बाक्स को गहलोत ने अपनी छवि चमकाने के लिए हायर किया था। इस एजेंसी की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की डिजाइन बॉक्स के फाउंडर नरेश अरोड़ा से तकरार हो चुकी है। डिजाइन बॉक्स की नियुक्ति कांग्रेस आलाकमान को पसंद नहीं आ रही है। कांग्रेस आलाकमान कर्नाटक चुनावों में कांग्रेस के रणनीतिकार रहे सुनील कानुगोलू को राजस्थान में कांग्रेस की चुनावी रणनीति बनाने के लिए नियुक्त करना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री गहलोत के विरोध के चलते उन्हें मध्य प्रदेश भेजना पड़ा था।

कांग्रेस आलाकमान ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को इस बार कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य भी नहीं बनाया है।

जबकि उनके प्रतिद्वंदी सचिन पायलट व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लिया गया है। आदिवासी नेता महेंद्रजीत मालवीय को कार्य समिति में लाकर राहुल गांधी प्रादेशिक नेतृत्व में बदलाव के संकेत दे रहें हैं। गहलोत के स्थान पर राजस्थान में सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, महेंद्रजीत मालवीय, सीपी जोशी जैसे नेताओं को बड़ी भूमिका मिल सकती है।

राजस्थान में भाजपा भी पूरे बदलाव के दौर से ही गुजर रही है। 2002 से लेकर अब तक पार्टी की एक छत्र नेता रही वसुंधरा राजे के स्थान पर पार्टी में कई नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा में नया नेतृत्व लाने के लिए ही पार्टी ने इस बार किसी भी नेता के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। भाजपा सामूहिक नेतृत्व व कमल के निशान पर चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। अभी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुन मेघवाल, सांसद दीया कुमारी, किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन राठौड़ अग्रिम पंक्ति के नेताओं में शुमार हैं। प्रदेश में यदि भाजपा की सरकार बनती है तो इनमें से ही कोई मुख्यमंत्री बन सकता है।

जिस तरह से वसुंधरा राजे समर्थक नेताओं के टिकट काटे जा रहे हैं उससे लगता है कि आने वाला समय वसुंधरा राजे के लिए अच्छा नहीं रहने वाला है। 2013 से 18 के कार्यकाल में वसुंधरा राजे के इर्द-गिर्द ऐसे चापलूस नेताओं की का जमावड़ा हो गया था जो सिर्फ उनकी जी हजूरी में ही लगे रहते थे। उस कार्यकाल में वसुंधरा राजे ने एक मुख्यमंत्री की बजाय महारानी के रूप में शासन चलाया था। जिसके चलते ही 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 163 सीटों से घटकर 73 सीटों पर सिमट गई थी।

प्रदेश में पार्टी की करारी हार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वसुंधरा राज्य से नाराज हो गए। उसके बाद से ही उन्हें प्रदेश की राजनीति में अलग थलग करना शुरू हो गया। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी वसुंधरा को बड़ी भूमिका नहीं दी गई थी। उसके उपरांत भी भाजपा ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इससे भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं को यह बात समझ में आ गई कि बिना वसुंधरा के भी राजस्थान में भाजपा मजबूती से पैर जमा सकती है।

इस बार के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को अभी तक कोई बड़ी भूमिका नहीं दी गई है। उनके कट्टर समर्थकों के टिकट भी काटे जा रहे हैं।

वसुंधरा राजे गुट के कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, यूनुस खान, प्रताप सिंह सिंघवी, भवानी सिंह राजावत, देवी सिंह भाटी, रोहिताश शर्मा, कालूलाल गुर्जर, नरपतसिंह राजवी, राजपाल सिंह शेखावत, खेमाराम मेघवाल, अशोक लाहोटी जैसे नेताओं के स्थान पर नए लोगों को टिकट देकर पार्टी वसुंधरा राजे का रहा सहा प्रभाव भी खत्म करने का प्रयास कर रही है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि राजस्थान में इस बार बड़ी संख्या में नये नेता चुन कर आयेगें। जिससे आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदला बदलाव देखने को मिलेगा।

भारतीय युवा तेज मष्तिष्क विदेशों में सेवारत

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता हैद्य इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता हैद्य इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति हैद्य भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा,तक्षशिला, शांति निकेतन,और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से शिष्य शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वही भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है की विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा,सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों का पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं।भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो,पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है।यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए, और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें।

बगल में छुरी,मुंह में राम,
कितनी हुई, बात ये आम।

रात में जाम,फिर काम तमाम,
अल्प वस्त्र नारी,बेशर्मी आम।

निक्कमे लाडले,नशे का आलम,
कमाऊ पिता मात्र,मचा संग्राम।

स्खलित संवेदनाएं,मृत समाज,
मर्यादाये कुंठित,सब सरे आम।

कलयुगी परिदृश्य,भ्राता विद्वेषी,
भाइयों में द्वन्द,घर में कोहराम।

पाश्चात्य से प्रभावित हालात,
क्या होगा जग का अंजाम।

युवा घूमते सड़कों पर बिना काम,
अबला की लुटती इज्जत सरेआम।

संजीव ठाकुर
रायपुर

महंगाई से राहत दिलाने में धीरे धीरे सफल हो रहीं केंद्र सरकार

देश में बीते सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर में हुई पांच प्रतिशत की कमी

(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश की केंद्र सरकार ने बीते कई महीनों से महंगाई रोकने के अपने प्रयासों में थाड़ी सी सफलता हासिल की है। दरअसल केंद्र सरकार की ओर से हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक देश की महंगाई दर में 5.2 फीसदी की कमी आई है। इसके साथ ही यह कमी आरबीआई के तय दायरे में आई हुई है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि, केंद्र सरकार को काफी लंबे अर्से बाद महंगाई को कम करने के अपने प्रयासों में थोड़ी सी सफलता मिली है। गौरतलब हो कि, यदि इसी साल के पहले के महंगाई दर के आकड़ों को देखें तो, इसी साल के बीते अगस्त महीने में खुदरा महंगाई की दर 6 .83 फीसदी थी।

जबकि इसके भी पहले यानी जुलाई माह में देश में रिटेल महंगाई की दर 7.44 फीसदी रही थी, जो कि 15 महीने के अपने उच्चतम स्तर पर थी। नतीजतन यहां पर यह कहा जा सकता है कि, कहीं ना कहीं केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार देश की महंगाई को कम करने में धीरे धीरे सफल हो रही है।

आरबीआई ने देश की महंगाई दर को 4 फीसदी तक लाने का लक्ष्य तय किया

रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने देश की रिटेल और खुदरा महंगाई को आगामी दिसंबर महीने तक कुल 4 फीसदी के न्यूनतम स्तर पर लाने का लक्ष्य तय किया हुआ है। केंद्र सरकार के मुताबिक सितंबर महीने में महंगाई में आई तेज गिरावट की सबसे प्रमुख वजह खाने पीने की चीजों में ज्यादा गिरावट का होना है। दरअसल सितंबर में महीने में देखें तो सबसे ज्यादा खाद्य पदार्थों से जुड़ी वस्तुओं के दामों में गिरावट हुई है। हालांकि अन्य वस्तुओं के भी महंगें दामों में कमी आई है। लेकिन सबसे ज्यादा गिरावट खाने पीने के सामानों के मूल्यों में हुई है। इसके अलावा इंधन के दामों में भी सितंबर 2023 में महीने में अच्छी खासी गिरावट आई है।

इनमें सबसे प्रमुख रूप से घरेलू गैस सिलेंडर और उज्जवला योजना के तहत मिलने वाले गैस सिलेंडर के दामों में काफी ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। हालांकि अन्य ईधन मसलन डीजल पेट्रोल के दामों में भी काफी ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। ऐसे

में यदि यह कहा जाए कि, सितंबर महीने में महंगाई में आई गिरावट सबसे अहम भूमिका खाने पीने की वस्तुओं और ईधन के दामों में आई गिरावटों की हैं।

सितंबर में खाने पीने की इन पदार्थो के दामों में गिरावट हुई

दरअसल खाने पीने की जिन पदार्थों में गिरावट हुई है, उनमें मुख्य रूप से दालें, सब्जियां, दूध, मसालें, मीट-मछली, अंडे, इंधन और बिजली के दामों अच्छी खासी गिरावट आई है। ऐसे में सरकार को भी कही ना कहीं यह उम्मीद है कि आने वाले दो तीन महीनों में महंगाई की दर और ज्यादा निचले स्तर पर आएगी। हालांकि सरकार ने देश की महंगाई दर को चार फीसदी के न्यूनतम स्तर पर नीचे लाने का लक्ष्य पहले से ही तय कर रखा हुआ है। इस लिहाज से यदि खाने में पीने के पदार्थों के मूल्यों का अगस्त और सितंबर महीने के हिसाब से तुलना की जाए तो काफी ज्यादा अंतर देखने को मिलेगा। आंकड़ों के मुताबिक सब्जियों के दामों में महंगाई दर 24 .14 से घटकर 3. 39 पर आ गई है।

इसी तरह से दालों के दामों में महंगाई दर 13.4 से घटकर 16 .38 पर आ चुकी हैं। जबकि दूध के दामों में महंगाई दर 7. 73 से घटकर 6. 89 पर पहुंच चुकी है। वहीं मसालें के दाम 23. 19 फीसदी से गिरकर 23 .6 फीसदी तक सितंबर महीने में पहुंच चुकें हैं। इसी तरह से अंडे और मीट-मछलियों के दामों में भी अगस्त माह की तुलना में सितंबर माह में भारी गिरावट देखने को मिली है। नतीजतन कहीं ना कहीं केंद्र सरकार देश की महंगाई दर में कमी लाने का सार्थक प्रयास किया है जिसमें उसको काफी हद तक सफलता मिली है।

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले देश में महंगाई की दर में आ सकती है भारी गिरावट

देश में बीते सितंबर में माह में महंगाई दर में पिछले तीन महीन के दौरान सबसे ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा केंद्र सरकार की माने तो आने वाले दिनों में यह गिरावट और ज्यादा देखने को मिल सकती है। इस लिहाज यदि यहां पर यह कहा जाए कि, अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के पहले देशवासियों को महंगाई से काफी ज्यादा निजाज मिलेगी तो इसमें काई भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। क्योंकि जिस तेजी से खुदरा और रिटेल महंगाई के दामों में गिरावट आ रही है, उससे यह निश्चित तौर पर कहा कि जा सकता है कि आने वाले दो तीन महीनों में महंगाई में काफी कमी आएगी। हालांकि यदि महंगाई कम करने की दिशा में केंद्र सरकार की भविष्य की रणनीति की बात करें तो यहा बताना जरूरी है कि, सरकार ने महंगाई दर को चार फीसदी के न्यूनतम स्तर पर लाने का लक्ष्य तय किया हुआ है। हालांकि अब यह देखने वाली बात होगी कि, क्या केंद्र सरकार अपने तय लक्ष्य के अनुरूप महंगाई की दर को कम करके चार फीसदी के निचले पायदान पर लाने में सफल हो पाती है या नहीं।

गोरखपुर में शीघ्र प्रारंभ होगा पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय

मुख्यमंत्री ने किया पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का अवलोकन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद गोरखपुर में प्रस्तावित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को महाविद्यालय स्थापना के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में स्थापित होने जा रहा यह महाविद्यालय, पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से सम्बद्ध होगा जो कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के पशुपालकों के लिए सर्वथा उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। प्राचीन

काल में शालिहोत्र रचित शालिहोत्र संहिता में उल्लिखित 12000 से अधिक श्लोक पशु चिकित्सा में हमारा बेहतर मार्गदर्शन करते हैं। आधुनिक युग में इस क्षेत्र में बहुत प्रगति हुई है। बड़ी संख्या में युवा इस क्षेत्र में शोध-अध्ययन-अध्यापन से जुड़ने को उत्सुक हैं।

महाविद्यालय के स्वरूप पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन चरणों में विकसित होने वाले इस महाविद्यालय के लिए 80 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है।

विशाल परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की स्थापना की जानी चाहिए। बड़े पशुओं के लिए भूतल और छोटे के लिए सुविधानुसार प्रथम तल पर चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने पोल्ट्री साइंस, डेयरी सेक्टर के अलावा पशु नस्ल सुधार के लिए शोध आदि के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए।

डेंगू पीड़ित हर मरीज को मिले समय पर इलाज, बढाएं सतर्कता-सावधानी

डेंगू मरीजों के लिए अस्पतालों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराई जाए: मुख्यमंत्री

- 293 चिकित्सा शिक्षकों और 1950 से अधिक स्टाफ नर्सों को शीघ्र मिलेंगे नियुक्ति पत्र
- गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों का काम
- न बनने पाए हॉटस्पॉट की स्थिति हो, साफ-सफाई के लिए आमजन को भी करें जागरूक
- मुख्यमंत्री का निर्देश, हर दिन सुबह सैनीटाइज़ेशन व शाम को हो फॉगिंग
- हर एक पात्र परिवार को जरूर मिले आयुष्मान भारत का लाभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन, निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों की स्थिति और डेंगू की रोकथाम के लिए किए ना रहे प्रयासों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए...

हाल के दिनों में डेंगू के मामलों में वृद्धि देखी गई है। विगत कुछ दिनों में मुरादाबाद, कानपुर नगर, लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी हॉटस्पॉट की स्थिति न बनने पाए।

अस्पतालों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कराई जाए। गांव हो या कि शहर कहीं भी एक भी संक्रमित मरीज इलाज के अभाव में परेशान न हो। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों/मेडिकल कॉलेजों में नए रोगियों की नियमित रिपोर्टिंग जरूर हो।

जनपदों में आउटब्रेक्स की स्थिति पर नियंत्रण हेतु ठोस प्रयास किये जाने आवश्यक है। नगर विकास, ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु फॉगिंग एवं लार्वीसाइडल स्प्रे कराई जाए। सुबह सैनीटाइज़ेशन व शाम को फॉगिंग का कार्य निरंतरता के साथ कराएं। जल भराव का निस्तारण कराएं।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन अयोग्य योजना के लिए पात्र हर परिवार का आयुष्मान कार्ड जरूर बनाया जाए। इस संबंध में वर्तमान में संचालित अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में अच्छा कार्य हो रहा है।

अब तक 191.9 लाख परिवार इन योजनाओं से आच्छादित होकर ?5 लाख वार्षिक के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा सुविधा से लाभान्वित हो रहे हैं। योजना के बारे में आमजन के बीच जागरूकता भी बढ़ाई जाए।

असेवित जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापना के लिए राज्य सरकार ने पीपीपी मोड की नीति अपनाई है। इसके तहत शामली, मऊ, महराजगंज और संभल में कार्य प्रारंभ हो चुका है। जबकि बागपत, मैनपुरी, कासगंज, महोबा, हमीरपुर और हाथरस के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग के तहत भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। सभी जगह शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किए जाएं।

विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में चयनित 293 शिक्षकों और 1950 से अधिक स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर यथोचित तैनाती सुनिश्चित करें। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में आचार्य, सह आचार्य और सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर यथाशीघ्र योग्य चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए।

फेज-3 के अंतर्गत निर्माणाधीन बुलंदशहर, लखीमपुर खीरी, गोंडा, औरैया, ललितपुर, सोनभद्र, कानपुर देहात, पीलीभीत, बिजनौर, चंदौली, कौशाम्बी, कुशीनगर, सुल्तानपुर व अमेठी मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए।

शार्ट न्यूज

कच्ची दीवार गिरने से मासूम की मौत

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के रामनगर क्षेत्र में बुधवार सुबह कच्ची दीवार ढहने से पांच साल की मासूम की मौत हो गई जबकि उसकी चार साल की बहन घायल हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बिछलखा गांव निवासी रामकिशोर अपने चार बच्चों रोली (8), अमन (5), राधा (4) व चार माह का रमन का जीवन यापन मजदूरी करके करते हैं। आज सुबह करीब आठ बजे रामकिशोर मजदूरी करने के लिए निकल गया था। अमन व राधा घर के बाहर खेल रहे थे जबकि रोली चार माह के बच्चे को गोद में लेकर दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान मकान के बगल खड़ी कच्ची दीवार भरभरा कर गिर पड़ी। अमन व राधा दीवार के मलबे में दब गए। हादसे में रोली व करन बाल-बाल बच गए। चीख पुकार के बीच मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दीवार का मलबा हटाया तो अमन व राधा गंभीर रुप से घायल पड़े मिले। दोनों को आननफानन सीएचसी रामनगर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने अमन को मृत घोषित कर दिया। राधा को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे केजीएमयू लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया।

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत,सात गंभीर

महोबा। उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के पनवाड़ी क्षेत्र में बुधवार को तेज रफ्तार यात्री वाहन पलटने से उसमें सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गयी जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उप अधीक्षक हर्षिता गंगवार ने बताया कि झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में पनवाड़ी के निकट अग्निहोत्री मोड़ पर तेज रफ्तार टेम्पो के सामने अचानक बाइक आ गई। जिससे चालक टेम्पो पर अपना नियंत्रण खो बैठा,नतीजन वाहन उलट कर सड़क से उतर गया और खाई मे गिर गया। राहगीरों ने टेम्पो में फंसी सवारियों को बाहर निकाल इलाज के लिए पनवाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां घायलों की हालत गम्भीर देख चिकित्सको ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रिफर किया। उन्होने बताया कि हादसे में हमीरपुर जिले में मुस्करा क्षेत्र के भैंसाय निवासी बुजुर्ग मर्दन सिंह (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के ही चंद्रप्रकाश (46), रामबाई (42), सुमितरानी (55), बच्चू (40), विदुर (30), एवं श्याम लाल (57) के अलावा टेम्पो चालक सतीश बुरी तरह घायल हो गये। हताहत मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित पथरिया माता धार्मिक स्थल में दर्शन पूजन के लिए जा रहे थे।

एक करोड़ का गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

रायबरेली । उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के मिल एरिया इलाके में पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कुंतल से अधिक गांजा बरामद किया है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत एक करोड़ रूपये से अधिक आंकी गयी है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बुधवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सारस होटल चौराहे के पास तीन अंतरराज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थों के तस्करों के पास से करीब 102 किलो गांजा जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 20 हज़ार रूपये बताई जा रही है। उन्होने बताया कि तस्करों की पहचान ओडिशा निवासी टेडा पुष्प पाटी श्रीप्रसाद पुत्र , झारखंड निवासी रिंकू सिंह तथा पश्चिम बंगाल के कुलविन्दर सिंह उर्फ राजू के तौर पर की गयी है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गांजे के पैकेट उन लोगों को विशाखापट्टनम में विजय नाम के व्यक्ति ने दिया था एवं लखनऊ हाइवे तक पहुंचाने के लिए कहा था। गांजा को पशु आहार के डिब्बों के पीछे छिपाया गया था।

आजमगढ़ में 6 पशु तस्कर गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने पशु तस्करी गैंग का खुलासा करते छह गोतस्करों को गिरफ्तार किया है। इस बारे में जिले के अहिरौला थाने की पुलिस को लगातार गोवंश तस्करी की सूचना मिल रही थी। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्लान बनाया। इसी प्लान के तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली की दो गाड़ियों में भरकर गोवंश की तस्करी हो रही है। इस सूचना पर पुलिस ने दोनों गाड़ियों से नौ गोवंश बरामद करते हुए छह आरोपियों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े पांच लाख नकद भी बरामद किया गया है। इससे पूर्व भी अहिरौला थाने और जीयनपुर थाने से गोवंश की तस्करी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बारे में अहिरौला थाने की पुलिस को यह सफलता उस समय लगी जब पुलिस चेकिंग कर रही थी। संदिग्ध गाड़ियों को जब रोकने का प्रयास किया तो आरोपी भागने लगे। जिसके बाद घेराबंदी करते हुए गाड़ियों को पकड़ा गया और गाड़ियों में सवार छह लोगों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों में अनिल और रामेश्वर हाथरस जिल के रहने वाले हैं जबकि अमरेश और आदर्श एटा जिले के रहने वाले हैं। इसके साथ ही दयाशंकर यादव और इन्दजीत शर्मा आजमगढ़ के रहने वाले हैं।

आजमगढ़ में गैंगरेप के 2 आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर छेड़खानी और रेप के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पीड़िता ने कंधरापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी की अगस्त माह में जब वह घर पर अकेली थी। इसी बीच धीरज और बृजेश घर में घुस आए। इसके साथ ही यह दोनो आरोपी छेड़खानी करने लगे। आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर जमकर डराया धमकाया और जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता के कपड़े फाड़कर रेप की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने रेप की घटना के बाद पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि इस मामले की कहीं शिकायत की तो अंजाम बहुत बुरा होगा। इसके बाद भी पुड़िता ने इस मामले में शिकायत पुलिस से की। मामले की विवेचना कर रहे सब इंस्पेक्टर जावेद अख्तर ने बताया कि घटना में शामिल दोनों आरोपियों धीरज और बृजेश की तलाश की जा रही थी। इसी बीच दोनों आरोपियों के बारे में पुलिस को सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

सपा सरकार में मिली नौकरी से निकाले गए कांस्टेबिलों को सभी सेवा लाभ मिले : हाइकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार के कार्यकाल के दौरान 2005-06 बैंच की भर्ती में नियुक्त होने के बाद बसपा शासन में नौकरी से निकाल दिए गए कांस्टेबिलों को वर्ष 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें वेतन वृद्धि, पदोन्नति, समेत सभी सेवा लाभ देने पर सरकार को आदेश पारित करने का निर्देश दिया है।

अदालत ने यह आदेश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 17 फरवरी 2022 में प्रतिपादित व्यवस्था को आधार बनाते हुए पारित किया है।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने मथुरा, गौतम बुद्ध नगर, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, जिलों में तैनात हेड कांस्टेबिलों तथा कांस्टेबिलों द्वारा संयुक्त रूप से अलग-अलग दाखिल विभिन्न याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया है। कान्स्टेबल



नीरज कुमार पाण्डेय, रामकुमार, दीपक सिंह पोसवाल, रेखा गौतम, प्रमोद यादव व कई अन्य ने अलग-अलग याचिकाओं में मांग की थी कि शासनादेश दिनांक 17 फरवरी 2022 के अनुपालन में 2005 -2006 बैच के आरक्षी सिविल पुलिस,आरक्षी पीएसी, सहायक परिचालक रेडियो विभाग के कांस्टेबिलों को वर्ष 2006 से सेवा में निरंतर मानते हुए उन्हें पेंशन, उपादान, वार्षिक वेतन वृद्धि, तथा पदोन्नति का लाभ व एसीपी का लाभ अनुमन्य कराया जाय।

याची कांस्टेबिलों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि सभी याची कांस्टेबिलों की भर्ती वर्ष 2005-06 में हुई थी। उनकी भर्ती सपा शासनकाल में हुई थी। बसपा शासनकाल आने पर इन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने के बाद इन्हें सेवा में वर्ष 2009 में बहाल किया गया। कहा गया था कि सभी याची कांस्टेबल वर्ष 2006 से नौकरी में है। इन्हें गलत आधारों पर निकाल दिया गया था। जिस कारण उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद वर्ष 2009 में इन्हें बहाल किया गया। सीनियर एडवोकेट गौतम का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने दीपक कुमार के केस में यह आदेश पारित किया है कि वर्ष 2005 - 06 के आरक्षियों की नियुक्तियां उनके नियुक्ति के दिनांक से सेवा में निरंतर माना जाएगा तथा वे सभी कांस्टेबिल सभी प्रकार के सेवा लाभ पाने के अनुमन्य होंगे।

आदेश में कहा गया था कि नियुक्ति के दिनांक से सभी कांस्टेबिल 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर द्वितीय प्रमोशनल पे स्केल यानी दरोगा के पद का वेतनमान प्रशिक्षण की अवधि को जोड़ते हुए पाने के हकदार हैं, परंतु इन्हें अभी तक इसका कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने अपने पारित आदेश में 17 फरवरी 2022 को जारी शासनादेश का उल्लेख करते हुए उक्त निर्देश दिया है तथा कहा है कि कांस्टेबिलों की याचिका पर अपर पुलिस महानिदेशक भवन व कल्याण, डीजीपी हेड क्वार्टर उत्तर प्रदेश लखनऊ, सुप्रीम कोर्ट के दीपक कुमार केस में पारित आदेश के क्रम में जारी शासनादेश दिनांक 17 फरवरी 2022 के अनुपालन में याची कांस्टेबिलों की सेवा को निरंतर मानते हुए उनके पेंशन, उपादान, वार्षिक वृद्धि, पदोन्नति व एसीपी का लाभ प्रदान करने के संबंध में दो माह के अंदर उचित आदेश पारित करें।

मनचले ने की छेड़छाड़, पुलिस ने हाथ तोड़ा

लन्दशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर क्षेत्र में स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मनचले का हाथ कथित रूप से पुलिस की पिटाई से टूटने का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार खुर्जा नगर में मंगलवार रात्रि ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही किशोरी के साथ बाईक सवार एक अधेड़ द्वारा छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिए जाने पर पुलिस ने आरोपी मनचले के दाहिने हाथ की कलाई की हड्डी तोड़ दी है। उधर प्रशासन आरोपी द्वारा भगाने के दौरान पैर फिसलने से हड्डी टूटने की बात कह रहा है।

पीड़ित परिवार के मुताबिक कल रात्रि नौ बजे खुर्जा नगर में उनकी 15 वर्षीय किशोरी ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी, तभी संकरी गली में बाइक सवार एक अधेड़ मनचले युवक ने बाइक को धीमा कर नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की और फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने थाने में इसकी लिखित शिकायत की पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से मनचले की पहचान मुरसलीन (47) के तौर पर की। चूंकि, मामला दो समुदायों से जुड़ा हुआ है इसलिए पुलिस फौरन हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने छात्रा के साथ दाहिने हाथ से छेड़छाड़ की थी, पुलिस ने आरोपी के उसी दाहिना हाथ की हड्डी को तोड़ दिया जिस हाथ से छात्रा के साथ अधेड़ मनचले ने छेड़छाड़ की थी। ताकि मनचला फिर से ऐसी करतूत को अंजाम न दे पाए। उधर, एसएसपी बुलंदशहर श्लोक कुमार का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के द्वारा आरोपी को चिन्हित करने के बाद पुलिस ने जब उसको अपने ग्राफ्ट में लेना चाह तब आरोपी ने भागने का प्रयास किया जिससे कि उसका पैर फिसल गया तथा दाहिने हाथ की कलाई की हड्डी टूट गई।

बदायूं में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

डेढ़ साल पहले विवाहिता की शाहजहांपुर में हुई थी शादी

बदायूं। बदायूं में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। विवाहिता का मायका शाहजहांपुर में है।

वहीं चर्चा है कि घरेलू कलह से तंग आकर विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव वमनपुरा निवासी कन्हई पुत्र रतनपाल की शादी तकरीबन डेढ़ साल पहले शाहजहांपुर के थाना गढ़िया रंगीन इलाके के गांव खमरिया में रहने वाली सरस्वती (22) पुत्री शंकर लाल के साथ हुई थी। बताया जाता है कि शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। जबकि पिछले कुछ दिनों से घर में सरस्वती के ससुरालीजनों से कलह होने लगी। वहीं सरस्वती की लाश फांसी के फंदे पर लटकता मिला, तो मामले की जानकारी पर मायके वाले मौके पर जा पहुंचे।

इसी बीच पुलिस को भी सूचना दी गई। कुछ देर बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों ने बताया कि बात-बात पर ससुरालीजनों की सरस्वती से विवाद होता था।

पता नहीं ऐसा क्या हुआ जो वह लगातार अवसाद में जा रही थी। वहीं पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने बात कहा रही है।

3 मासूमों के 3 हत्यारों को फांसी की सजा

इफ्तार में बेइज्जती का बदला लेने के लिए किया था किडनैप; मारी गोली

बुलंदशहर। बुलंदशहर कोर्ट में 4 साल बाद तीन बच्चों की अपहरण-हत्या मामले में फैसला सुनाया। बुधवार को एडीजे मनु कालिया की कोर्ट ने सलमान, बिलाल और इमरान को फांसी की सजा सुनाई है। इसके साथ ही एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। फैसला सुनाते वक्त जज ने कहा कि तीनों हत्यारों को मरते दम तक फंदे से लटकाए रखा जाए।

हत्यारों को सजा मिलने पर 3 बच्चों ने घरवालों के खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा- हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा था। हमें न्याय मिला है। इसके लिए हम कोर्ट के आभारी रहेंगे। 25 मई 2019 को फिरौती के लिए आरोपियों ने बच्चों को किडनैप के बाद हत्या कर दी थी। फिर शवों को ट्यूबवेल में फेंक दिया था।

ट्रिपल मर्डर केस

4 साल पहले यानी 24 मई 2019 को बुलंदशहर के फैसलाबाद में हाफिज के घर में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। इफ्तार के बाद तीनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। रात 10 बजे हाफिज की बेटी अलीबा (8) उसके पड़ोसी आलम की बेटी आसमा (7) और हसीन का बेटा अब्दुल (8) अचानक लापता हो गए। बच्चों के घरवालों और रिश्तेदारों ने आस-पास बच्चों की तलाश की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।

मुंशी ने नहीं दी थी अधिकारियों को सूचना

इसके बाद रात में परिजनों ने बच्चों की गुमशुदगी की सूचना नगर कोतवाली में लिखित रूप से दे दी। मगर थाने के मुंशी ने सूचना को अफसरों को देने के बजाय दबा दिया। 25 मई की सुबह तीनों बच्चों के शव घर से 7 किलोमीटर दूर धतूरी गांव के एक ट्यूबवेल में लहूलुहान अवस्था में पड़े मिले थे।

इसके बाद पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्चों को 2-2 गोलियां यानी 6 गोलियां मारी गई थीं।

निलंबित किए गए थे कोतवाल-मुंशी

इसके बाद एसएसपी की जांच में इंस्पेक्टर सिटी ध्रुव दुबे और कोतवाली के मुंशी अशोक की लापरवाही सामने आई थी। इसके बाद एसएसपी ने दोनों को सस्पेंड कर दिया गया था। फिर पुलिस ने तेजी के साथ एक्शन लिया। पुलिस ने पीड़ित परिवार के घर के आस-पास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली, तो बच्चे साढ़े 9 बजे तक घर के बाहर खेलते हुए दिखाई दिए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात करीब 9.45 बजे तीनों बच्चों को एक बाइक पर तीन युवकों को ले जाते हुए देखा गया था। इसके बाद अधिकारियों ने पुलिस टीमों का गठन किया।

यूपी एटीएस ने नक्सली दंपती को किया गिरफ्तार

माओवादी संगठन पीएलजीए से जुड़े थे तार, ट्रांजिट रिमांड पर लागकर होगी पूछताछ

लखनऊ। यूपी एटीएस ने माओवादी संगठन पीएलजीए से जुड़े बृजेश कुशवाहा को देवरिया और छत्तीसगढ़ के रायपुर से उसकी पत्नी प्रभा को किया गिरफतार किया है। दोनों की गिरफ्तरी जुलाई 2019 में गिरफ्तार हुए मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव समेत सात आरोपियों के पास से मिले साक्ष्यों के आधार पर हुई है। यूपी एटीएस ने सबूत न होने के चलते बृजेश कुशवाहा और प्रभा को उस वक्त पूछताछ के बाद को छोड़ दिया था।

फॉरेंसिक जांच में लैपटॉप और मोबाइल में संगठन से जुड़े होने के सबूत मिले

एटीएस एडीजी मोहित अग्रवाल के मुतबिक एटीएस की टीम ने बुधवार दोपहर देवरिया बरहज के बड़ी सरबदी निवासी बृजेश कुशवाहा और उसकी पत्नी प्रभा को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पांच जुलाई

2019 को नक्सल गतिविधियों के संबंध में मनीष समेत 7 लोगों के भोपाल, कानपुर, देवरिया और कुशीनगर के ठिकानों पर छापेमारी कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और संगठन से जुड़े दस्तावेज बरामद किये गये थे। वहीं सात में से मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव उर्फ वर्षा की गिरफ्तारी की गयी थी।

वहीं पांच में शामिल बृजेश कुशवाहा और उसकी पत्नी प्रभा को साक्ष्य की कमी में छोड़ दिया गया था। वहीं उनके पास से मिले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को परीक्षण एवं डाटा एक्सट्रेक्शन हेतु फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया था। फॉरेंसिक लैब के डिजिटल डाटा का एनालिसिस करने पर दोनों के खिलाफ सबूत मिले। जिसमें साफ है कि बृजेश कुशवाहा और उसकी पत्नी प्रभा के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में प्रतिबंधित माओवादी संगठन, PLGA (Peoples Liberation Guerilla Army), प्रतिबन्धित सी पीआई (माओवादी) का भारत सरकार के विरूद्ध प्रतिरोध करने हेतु सशक्त पार्टी व संगठन निर्माण करने के सम्बन्ध में पत्र, साहित्य और अन्य सामग्री उपलब्ध थी। जिसमें माओवादी संगठन से जुड़े विभिन्न कामरेडो के पत्र भी प्राप्त हुए हैं, जिनमें राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का उल्लेख है ।

किराये के मकान में मृत मिला दरोगा

कानपुर। कानपुर में थाना चौबेपुर में तैनात दरोगा का शव उनके आवास में मृत मिला। सूचना पर पुलिस अधिकारी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची है। जानकारी के मुताबिक औरैया के अजीतमल थाना क्षेत्र निवासी दरोगा शिववीर सिंह एक साल से कानपुर स्थित चौबेपुर थाना में तैनात थे। बुधवार दोपहर में उनका शव बेला रोड स्थित किराये के मकान में मिला। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक शिववीर सिंह (56) पुत्र स्व. मुलायम सिंह की मौत प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से होना प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ड्यूटी खत्म करने के बाद दरोगा रात को अपने किराये के मकान में पहुंचे थे। सुबह जब दरोगा नहीं निकले तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव और कमरे की जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के मुताबिक परिजनों को जानकारी दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

लोन न मिलने पर युवक ने खुद को लगाई आग

एसबीआई से बिजनेस के लिए मांग रहा था लोन, हर बार कहते; अभी अप्रूवल नहीं आया

गोंडा। गोंडा में एक युवक ने एसबीआई बैंक के लोन पास न करने पर खुद पर पेट्रोल डालकर बैंक के सामने ही आग लगा ली। आग लगने से युवक 70 प्रतिशत तक जल गया है। गंभीर हालत में उसका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

युवक को बचाने आया उसका दोस्त भी आग की चपेट में आ गया और झुलस गया। उसका भी इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है युवक खुद का बिजनेस शुरू करना चाहता था। जिसके लिए वो लोन पास कराने बैंक आया था। युवक बैंक से 5 लाख रुपए का लोन मांग रहा था।

ये मामला गोंडा नगर कोतवाली क्षेत्र में आने वाले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य ब्रांच का है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के सरहरा पांडेय पुरवा का रहने वाला 25 साल का दिव्यराज पांडेय पिछले कई महीनों से लोन पास कराने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य ब्रांच के चक्कर काट रहा था।

उसने काफी समय पहले यहां पर लोन के लिए अप्लाई किया था। उसको लगातार बैंक अप्रूवल न मिलने की बात कहकर खाली हाथ लौटा देता था। उसको बैंक से बस आश्वासन ही दिया जा रहा था। इस बात से वो काफी नाराज था। बुधवार को फिर दिव्यराज पांडेय अपने साथी प्रदीप पांडे के साथ बैंक में पहुंचे। उन्होंने बैंक में तैनात कर्मियों से लोन के बारे में जानकारी ली। जिस पर उन लोगों ने फिर से अप्रूवल न मिलने की बात कही। बैंक ने जल्द ही लोन देने की बात कही और बैंक से जाने के लिए बोला। जिसके बाद दिव्यराज गुस्से में बैंक से बाहर निकला और अपनी बाइक से पेट्रोल निकाल कर खुद पर डाल लिया और आग लगा ली।

शार्ट न्यूज

श्रीअन्न को बढ़ावा दे रही योगी सरकार, आमजन को भी मोटे अनाजों से जोड़ने की हो रही पहल

लखनऊ। मिलेट्स वर्ष में योगी सरकार श्रीअन्न को बढ़ावा दे रही है। इसी क्रम में 27 से 29 अक्टूबर तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में श्रीअन्न महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां एक तरफ जहां श्रीअन्न के पोषक मूल्य खेती-प्रसंस्करण पर चर्चा होगी, वहीं दूसरी तरफ लखनऊ के नामचीन होटल व रेस्तरां भी मिलेट्स व्यंजनों की कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसके लिए आयोजन के दूसरे दिन चटोरी गली में यह प्रतियोगिता प्रस्तावित है। मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के योगी सरकार के निर्देश के उपरांत यह तैयारी की जा रही है। कृषि विभाग की देखरेख में होने वाले श्रीअन्न महोत्सव के अंतर्गत मिलेट्स व्यंजनों की प्रतियोगिता होगी। इसमें लखनऊ के कई नामचीन होटल व रेस्तरां की तरफ से मिलेट्स व्यंजन आमजन के लिए होंगे। कृषि विभाग व एलडीए के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम प्रस्तावित है। चटोरी गली में होने वाली प्रतियोगिता के लिए होटल-रेस्तरां एसोसिएशन से संपर्क साधा जा रहा है। इसमें बाजरा, कुट्टू, रामदाना, ज्वार, कोदो, सावां, ज्वार आदि के अनेक लजीज व्यंजन होंगे। मिलेट्स व्यंजन परोसने वाले होटलों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा भी होगी। दूसरे दिन प्रस्तावित कुकिंग प्रतियोगिता में सबसे स्वादिष्ट व्यंजन वाले होटल-रेस्तरां को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

पीएम के प्रधान सचिव ने जी 20 वर्चुअल समिट की तैयारियों की समीक्षा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने नई दिल्ली में हुई जी-20 की बैठक के दौरान जारी घोषणापत्र के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष, जी-20 शेरपा, जी-20 के मुख्य समन्वयक और विदेश मंत्रालय, आर्थिक मामलों के विभाग और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। चल रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में, संबंधित मंत्रालयों के नेतृत्व में सात वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित करने का प्रस्ताव दिया गया है और सभी संबंधित विभागों को इसमें शामिल किया जाएगा। ये वेबिनार मजबूत, सतत, संतुलित और समावेशी विकास, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर प्रगति में तेजी लाना, सतत भविष्य के लिए हरित विकास संधि, 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान, तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास, और आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग का मुकाबला करने के विषयों पर प्रस्तावित हैं। पीएम के प्रधान सचिव ने बैठक के दौरान आगामी जी 20 वर्चुअल शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की, जो नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा अपनी टिप्पणी में प्रस्तावित एक पहल है।

असाका एयरलाइन को पश्चिम एशियाई देशों में विमान परिचालन की मंजूरी

नई दिल्ली । अकासा एयर को रियाद, जेद्दा, दोहा और कुवैत के लिए विमान सेवाएं शुरू करने की अनुमति मिल गई है। एयरलाइन के मुखिया विनय दुबे ने जल्द ही इन हवाई क्षेत्रों के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की उम्मीद जताई है। बीते अगस्त महीने में ही अकासा एयर ने अपने परिचालन का एक साल पूरा किया है। कंपनी के पास 20 बोईंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है। इस साल के अंत तक एयरलाइन के बेड़े में दो और विमानों के जुड़ने की उम्मीद है। दुबे ने जोर देकर कहा कि अकासा एयर मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ विकास के मोड में है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन 75 दिनों में या इस वर्ष के अंत तक तीन अंकों में विमानों का ऑर्डर देने की घोषणा करेगी। एयरलाइन को नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से सऊदी अरब के रियाद और जेद्दा, दोहा (कतर) और कुवैत के लिए विमानों का परिचालन करने की मंजूरी मिली है। दुबे ने बताया कि अब एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू करने के लिए अन्य विभिन्न मंजूरियों के लिए संबंधित विदेशी सरकारों के साथ काम करेगी और इसमें कुछ समय लगेगा। वर्तमान में अकासा एयर देश के 16 शहरों के बीच 700 उड़ानों का संचालन करती है।

फिनोलेक्स केस में सुप्रीम कोर्ट सख्त , न्यायिक व तकनीकी सदस्य को अवमानना नोटिस

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने एक असामान्य कदम के तहत बुधवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के न्यायिक सदस्य राकेश कुमार और तकनीकी सदस्य आलोक श्रीवास्तव को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने उनसे पूछा कि फिनोलेक्स केबल्स विवाद मामले में शीर्ष अदालत के आदेश की अवहेलना के लिए उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी पीठ की ओर से एक निर्णय पारित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। शीर्ष अदालत ने फिनोलेक्स केबल्स की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से संबंधित एनसीएलएटी पीठ के 13 अक्टूबर के फैसले को इसके गुण-दोष पर विचार किए बिना निरस्त कर दिया। इसने कहा कि मामले की सुनवाई एनसीएलएटी प्रमुख न्यायमूर्ति अशोक भूषण करेंगे। न्यायालय ने कहा, ''एनसीएलएटी अब सड़न की स्थिति में आ गया है। यह मामला उस सड़न का उदाहरण है। हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि एनसीएलएटी के सदस्य सही तथ्यों का खुलासा करने में विफल रहे हैं।

31 अक्तूबर के बाद भी जारी रहेगी चीनी निर्यात पर लगी पाबंदी

नई दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बुधवार को घोषणा की है कि चीनी की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध 31 अक्टूबर से अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है। पिछली बार भारत ने 2016 में विदेशी बिक्री को रोकने के लिए चीनी निर्यात पर 20त्न कर लगाया था। अधिसूचना में कहा गया है, यह प्रतिबंध संबंधित सार्वजनिक नोटिस में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सीएक्सएल और टीआरक्यू कोटा के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। खाद्य विभाग ने कहा कि दुनिया के दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक भारत ने चीनी के अनियंत्रित निर्यात को रोकने और उचित मूल्य पर घरेलू खपत के लिए चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पिछले साल 31 अक्टूबर, 2023 तक उक्त कमोडिटी को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा था। भारत ने चीनी मिलों को चालू सीजन के दौरान 30 सितंबर तक केवल 6.1 मिलियन टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी, जबकि पिछले सीजन में उन्हें रिकॉर्ड 11.1 मिलियन टन चीनी बेचने की अनुमति दी गई थी।

लाभार्थी को जोड़े बिना बैंक खाते में भेज सकेंगे पांच लाख रुपये तक, जल्द शुरू होगी सुविधा

नई दिल्ली । आने वाले समय में आप लाभार्थी को जोड़े बिना 5 लाख रुपये तक एक बैंक खाते से दूसरे खाते में भेज सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) जल्द यह सुविधा ला रहा है इसके लिएउसने आईएमपीएस को सरल बनाया है। एनपीसीआई ने कहा, पैसे भेजने के लिए लाभार्थी के मोबाइल नंबर व उसके बैंक का दर्ज नाम का उपयोग कर सकते हैं। एनपीसीआई ने हाल में कहा कि मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग जैसे बैंकिंग चैनलों पर आईएमपीएस उपयोगकर्ता अब केवल लाभार्थी का मोबाइल नंबर और बैंक का नाम दर्ज कर लेनदेन कर सकेंगे। इसमें वास्तविक समय पर लाभार्थी के नाम का सत्यापन होगा। हालांकि, बैंकों ने अभी तक इस नई सुविधा को शुरू नहीं किया है। एनपीसीआई ने कहा, इस नई व्यवस्था को थोक और खुदरा लेनदेन के साथ कॉरपोरेट तक भी बढ़ाया जा सकता है। अब ऊपरी सीमा एक बैंक से दूसरे बैंक में उनकी नीतियों के आधार पर अलग-अलग होगी। नई सुविधा में प्रेषक को बैंक के रिकॉर्ड में नाम को दोबारा जांचने में मदद मिलेगी। यह सुनिश्चित होगा कि भुगतान सही लाभार्थी को किया गया है। प्रेषक पैसा भेजने से पहले लाभार्थी का नाम देख सकेगा। आईएमपीएस के तहत दो प्रकार से भुगतान की मंजूरी है।

वैवाहिक सीजन में देश में लगभग 35 लाख शादियां होंगी : कैट

नयी दिल्ली। दिल्ली सहित देश भर के व्यापारी आगामी शादी के मौसम के लिए एक बड़ी बिक्री करने पूरी तरह से तैयारी में जुट गये हैं क्योंकि दिवाली के तुरंत बाद शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और इस दौरान करीब 35 लाख शादियां होने का अनुमान है।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज यह अनुमान जताते हुये कहा कि इस वर्ष 23 नवंबर, देव उठान एकादशी से शादियों का सीजन शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा। एक अनुमान के अनुसार किए इस अवधि के दौरान देश भर में लगभग 35 लाख शादियाँ संपन्न होंगी, जिसमें शादी की खरीदारी और शादी से संबंधित अनेक प्रकार की सर्विस के ज़रिए सेवाएँ लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये का बड़ा खर्च इस सीजन में होने की संभावना है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे के अनुसार अकेले दिल्ली में इस सीज़न में 3.5 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था। भरतिया ने कहा कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख, 12 लाख रुपये का खर्च आएगा. शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे, 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे और 50 हजार शादियाँ ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर 4.25 लाख करोड़ रुपये व्यय किये जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि शादी के सीजन में कारोबार की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। ग्राहकों की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यापारी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा। शादी के सीज़न का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाह का लगभग 20 प्रतिशत खर्च दूल्हा-दुल्हन पक्ष को जाता है जबकि 80 प्रतिशत खर्च विवाह संपन्न कराने में काम करने वाली अन्य तीसरी एजेंसियों को जाता है।

इनक्रेड फाइनैंस एनसीडी के जरिये जुटाएगी 300 करोड़

अहमदाबाद। इनक्रेड फाइनैंस सर्विसेस लिमिटेड 25 अक्टूबर से गैर-पवितर्नीय डिबेंचर (एनसीडी) की पेशकश के जरिये 300 करोड़ रुपये तक जुटाएगी।

कंपनी की ओर से बुधवार को यहां जारी बयान में कहा गया है कि यह निर्गम 25 अक्टूबर बुधवार को खुल रहा है जो सात नवंबर मंगलवार को बंद होगा। न्यूनतम आवेदन आकार 10,000 रूपये और उसके बाद 1,000 रु के गुणकों में (अर्थात एक एनसीडी) होगा। इस निर्गम में एनसीडीएस के लिए 18 महीने, 24 महीने और 36 महीने की परिपक्वता / कार्यकाल के विकल्प हैं जिसमें सीरीज I, II, III, IV और V के लिए मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक लाभांश भुगतान की पेशकश की जा रही है। विभिन्न श्रेणियों में एनसीडी धारकों के लिए प्रभावी लाभांश दर 9.88 प्रतिशत से 10.29 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक की है। निर्गम की निवल (शुद्ध) आय का कम से कम 75 प्रतिशत का उपयोग आगे के ऋणदान, वित्तपोषण करने और कंपनी के मौजूदा ऋण के ब्याज व मूलधन के पुनर्भुगतान के उद्देश्य से किया जाएगा और अधिकतम 25 प्रतिशत निवल आय का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। कंपनी के पूर्णकालिक डायरेक्टर एवं चीफ़ एग्ज़ीक्यूटिव ऑफ़िसर भूपिन्दर सिंह ने अपने बयान में कहा कि, हमने स्वयं को एक विविधतापूर्ण ऋणदान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में स्थापित किया है, जिसका बिज़नेस मॉडल अत्याधुनिक तकनीक और विश्लेषण पर आधारित है और जो हमारी परिसंपत्ति की गुणवत्ता की मज़बूती में परिलक्षित रिस्क मैट्रिक्स पर केन्द्रित है।

एयरटेल ने सीसीएएएस के लिए क्लाउड प्लेटफॉर्म किया लॉन्च

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने आज एयरटेल सीसीएएएस (कॉन्टैक्ट सेंटर एज़ ए सर्विस) लॉन्च किया जो एंटरप्राइज (कंपनी) के लिए जरूरी कॉन्टैक्ट सेंटर के सभी सोल्यूशंस का एकीकृत अनुभव प्रदान करने वाला ओम्नी-चैनल क्लाउड प्लेटफॉर्म है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आजकल कॉन्टैक्ट सेंटर की जरूरत से जुड़े सभी कारोबारियों को कई वेंडर्स से अलग-अलग वॉयस, क्लाउड और सॉफ्टवेयर लेना पड़ता है, जिससे पैसा ज्यादा खर्च होता है और काफी समय भी लगता है। एयरटेल की इनोवेटिव सीसीएएएस पेशकश कंपनियों की इन खर्चों में उल्लेखनीय रूप से कटौती करने में मदद करेगी।

यह प्लेटफॉर्म वॉयस एज़ ए सर्विस (वीएएएएस), क्लाउड और जेनेसिस समेत प्रमुख प्रोवाइडर्स से कॉन्टैक्ट सेंटर के लिए मिले बेस्ट सॉफ्टवेयर को एकीकृत करता है। यह प्लेटफॉर्म कंपनियों को किफायती मासिक कीमत पर कॉन्टैक्ट सेंटर सोल्यूशंस हासिल करने में सक्षम बनाएगा।

एयरटेल सीसीएएएस के साथ, कंपनियां अब काफी सहजता से इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल्स को हैंडल कर सकती है। कॉल को डाइवर्ट किया जा सकता है, क्यू में लगाया जा सकता है, कॉन्फ्रेंस कॉल की जा सकती है।

कॉल को रिडायरेक्ट किया जा सकता है और कहीं से भी, किसी भी समय सभी ऑफिसों की सहजता से सुलभ क्लाउड पर क्लाउड मॉनिटरिंग की जा सकती है।

यह प्लेटफॉर्म सर्विसेज को हासिल करने के लिए कई पारंपरिक वेंडर्स से संपर्क करने की समस्या को हल करता है। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म उधमों के लिए अपेक्षित विनयामक अनुपालन को बंद करने की आवश्यकता और समस्या निवारण आवश्यकताओं के दौरान लम्बे समय तक प्रतीक्षा समय की चुनौती को भी समाप्त करता है।

वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य पाने के लिए रखना होगा हेल्पिंग एटीट्यूड और पॉजिटिव एप्रोच

बैंकिंग और फाइनेंस से जुड़े अफसरों को योगी सरकार का मंत्र, पॉजिटिव रखें एप्रोच और क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का करें समावेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश को 2027 तक वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के लिए संकल्पित है और उस दिशा में तेजी से प्रयास भी किए जा रहे हैं।

इस लक्ष्य को हासिल करने का रोडमैप क्या होना चाहिए, किन चीजों पर अत्यधिक फोकस करने की आवश्यकता है और चुनौतियां क्या हैं, इन्हीं सब मुद्दों को लेकर बुधवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संघ व एसबीआई द्वारा वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश: संभावना, चुनौतियां तथा वित्त विभाग एवं एसबीआई की भूमिका विषयक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि और योगी सरकार में वित्त एवं संसदीय मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार का मानना है कि यदि बैंक और फाइनेंस से जुड़े अफसरों का एटीट्यूड हेल्पिंग हो, एप्रोच पॉजिटिव हो, काम में क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का समावेश हो तो कोई वजह नहीं है कि उत्तर प्रदेश इस बड़े लक्ष्य को हासिल न कर सके।

जापान से सीखना होगा क्वालिटी और टेक्नोलॉजी का प्रयोग

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आज के काम को कल पर कतई मत टालिए। काम की क्वालिटी और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का उदाहरण हमें जापान से सीखना होगा। वहां के लोग जितनी ऑनेस्टी और सिंसियरिटी के साथ अपने काम को अंजाम देते हैं, यदि हम भी ऐसा करेंगे तो कोई लक्ष्य बड़ा नहीं होगा। आज हम टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ये टेक्नोलॉजी का ही कमाल है कि किसान सम्मान निधि समेत सभी योजनाओं का लाभ सीधे एक क्लिक पर लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का ये मतबल नहीं है कि हमारी तिजोरी में वन ट्रिलियन डॉलर रकम आ जाए। इसका सीधा उद्देश्य अपना सामर्थ्य और अर्थव्यवस्था को विकसित करना है। बड़ा लक्ष्य होता है तो कार्य व्यवहार में भी बदलाव लाना पड़ता है। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश का परसेप्शन बदला है।

कार्ययोजना बनाकर ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक तरीके से खत्म ही कर दिया है तो इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया गया है। वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य के अनुरूप भी हमें कार्ययोजना बनानी पड़ेगी। ट्रांसपेरेंट पॉलिसी के साथ इंडस्ट्रियल पॉलिसी, फाइनेंसिंग की व्यवस्था और समय पर निर्णय लेना वन ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लिए बेहद आवश्यक हैं।

यूपी को इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट हब के रूप में कर रहे विकसित

वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सबसे पहली आवश्यकता है कि हमें परचेजिंग पावर बढ़ाएं। जब परचेजिंग पावर बढ़ती है तो बाजार में सेवाओं की मांग बढ़ती है। उसी के अनुरूप हमें प्रोडक्शन बढ़ाना पड़ता है। जितना ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस करेंगे, उतना ही रोजगार का सृजन होता है। ये एक इकनॉमिक साइकिल है जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होता है।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर पावर, बैंकिंग, वित्तीय सेवायें सहित अधिकांश समूहों में हुयी बिकवाली के कारण शेयर बाजार गिरावट लेकर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक टूटकर 65877.02 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.40 अंक गिरकर 19671.10 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 0.85 प्रतिशत उतरकर 32237.37 अंक पर और स्मॉलकैप 0.32 प्रतिशत फिसलकर 38462.63 अंक पर रहा।

बीएसई में कुल 3843 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2268 गिरावट में और 1436 बढ़त में रही जबकि 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में शामिल अधिकांश समूहों में गिरावट

देखी गयी जिसमें पावर में सबसे अधिक 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। इस दौरान सिर्फ हेल्थकेयर 0.33 प्रतिशत और ऑटो 0.14 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

वैश्विक स्तर पर बिकवाली देखी गयी। जापान के निक्केई में 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के अलावा सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहा जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.59 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.65 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.23 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.80 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 35 अंकों की बढ़त के साथ 66473.74 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 66475.27 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 65482.10 अंक के निचले स्तर तक टूटा। अंत में यह पिछले दिवस के 66428.09 अंक की तुलना में 551.07 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत गिरकर 65877.02 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 26 को नुकसान हुआ जबकि मात्र चार को लाभ हो सका।

एनएसई का निफ्टी 9 अंकों की बढ़त के साथ 19820.45 अंक पर खुला। शुरूआत में ही यह 19840.95 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के कारण 19659.95 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 19811.50 अंक की तुलना में 140.40 अर्थात 0.71 प्रतिशत उतरकर 19672.10 अंक पर रहा।

हार्पिक का मॉमवाली दिवाली अभियान

नयी दिल्ली। बाथरूम क्लीनिंग ब्रांड हार्पिक बाथरूम क्लीनर ने अपना फेस्टिव अभियान मॉमवालीदिवाली की शुरूआत की है। कंपनी ने आज जारी बयान में कहा कि यह अभियान परिवारों को आने वाले रोशनी के त्योहार के लिए घरों की सजावट करने में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। इसमें बताया गया है कि कैसे प्रत्येक सदस्य खासकर जब बाथरूम की सफाई की बात होती है तो इस कार्य में गृहिणी का मदद कर सकता है। रेकिट के दक्षिण एशिया के हाइजीन के क्षेत्रीय विपणन निदेशक सौरभ जैन ने कहा, उपभोक्ताओं से सीधे संवाद के लिए लोकप्रिय हार्पिक ने इस साल फेस्टिव सीजन के लिए एक अनूठा तरीका अपनाया है। ब्रांड को एक नई दिशा देने के लिए, हार्पिक बाथरूम क्लीनर मॉमवालीदिवाली के माध्यम से हर काम को सही ढंग से पूरा करने में माँ के स्पर्श के महत्व को दर्शाता है ।

सियाम की ग्रीन प्लेट ईवी रैली

नयी दिल्ली । स्थायी परिवहन को बढ़ावा देने के प्रयास में ऑटोमोबाइल निर्माताओं की शीर्ष संस्था सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (सियाम) ने दिल्ली के प्रगति मैदान में 'ग्रीन प्लेट ईवी रैली' का आयोजन किया। भारी उद्योग मंत्रालय के साथ साझेदारी में इस कार्यक्रम ने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देने की सियाम की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेन्द्र नाथ पाण्डेय ने इस रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। भारी उद्योग सचिव कामरान रिज़्वी तथा सियाम के अध्यक्ष और वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ विनोद अग्रवाल भी इस अवसर पर मौजूद रहे। रैली में 100 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों के फ्लीट का प्रदर्शन किया गया, जिसमें दोपहिया वाहन, तिपहिया वाहन, कारें और बसें शामिल थे। इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में जागरुकता बढ़ाना, इनमें उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाना और भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग की क्षमता का प्रदर्शन करना इसका मुख्य उद्देश्य था। गौरतलब है कि इस उद्योग ने पिछले दो सालों के दौरान देश के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कई वाहन विकसित और लॉन्च किए हैं। इस अवसर पर भारी उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव डॉ हनीफ कुरेशी, सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन, सियाम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ग्रुप के अध्यक्ष एवं टाटा मोटर्स के सरकार एवं पब्लिक अफेयर्स के वैश्विक प्रमुख सुशांत नायक, सियाम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ग्रुप के सह अध्यक्ष एवं वोल्वो आयशर व्हीकल्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष विपिन सुराना, सियाम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ग्रुप की सह अध्यक्ष एवं महिंद्रा लास्टमाईल डिलीवरी की एमडी एवं सीईओ सुमन मिश्रा भी मौजूद थी।

नैनीताल बैंक ने अर्जित किया 82 करोड़ का अर्द्धवार्षिक लाभ

एजेंसी

नैनीताल। उत्तराखंड में नैनीताल बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 82 करोड़ रुपये का अर्द्ध वार्षिक लाभ अर्जित किया है। बैंक ने अपने सकल व्यवसाय में 8.75 की वृद्धि दर्ज की है।

यह रहस्योद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन ने बुधवार को बैंक के प्रधान कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया। उन्होंने कहा कि बैंक का नेट वार्षिक लाभ 2.46 गुना बढ़ गया है। उन्होंने इसे बैंक के ग्राहकों, उपभोक्ताओं के साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम बताया।

मोहन ने बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बैंक वित्तीय समावेश के संरूपण के लिये मोबाइल बैंकिंग के क्षेत्र में अपने कदम तेजी से बढ़ा रहा है। कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों की जनता को लाभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ग्राहकों तक खुद अपनी पहुंच बना रहा है। नैनीताल जनपद में एक मोबाइल वैन काम कर रही है। इसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। बैंक के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को पीओएस, यूपीआई और क्यूआर कोड जैसी सेवायें भी उपलब्ध करा रहा है।

बैंक द्वारा मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन भी शीघ्र चालू की जायेगी। जिससे ग्राहकों को आधुनिक सुविधा का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए बैंक ने घर और वाहन ऋण पर अपने ग्राहकों से प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी बताया कि बैंक ग्राहकों की सुविधा के लिये अपनी सभी शाखाओं में अतिशीघ्र डिजिटल यूनिट भी स्थापित करने जा रहा है।

मारूति ने बेची 10 लाख ऑटोमेटिक कारें

नयी दिल्ली। यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने 10 लाख ऑटोमेटिक वाहन बेचने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसके लिए यह मील का पत्थर है जिसे उसने पार कर लिया है। ऑटोमोटिव इनोवेशन में अग्रणी ब्रांड के रूप में मारुति सुजुकी ने भारत में दो-पेडल स्वचालित कार तकनीक को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में कंपनी चार अलग-अलग ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन सिस्टम प्रदान करती है जिसमें ऑटो गियर शिफ्ट (एजीएस), 4-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (एटी), स्टीयरिंग माउंटेड पैडल शिफ्टर्स के साथ एडवांस्ड 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (एटी) और इलेक्ट्रॉनिक-कंटीन्यूअस वेरिएबल ट्रांसमिशन (ई-सीवीटी) 16 मॉडलों में अपने ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है।

मंडियों तक पहुंची पौने दो करोड़ सेब की पेटियां

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार सेब की फसल आधी है और प्राकृतिक आपदा की मार भी बागवानों को इस बार झेलनी पड़ी है। बावजूद इसके अभी तक मंडियों में एक करोड़ 75 लाख सेब की पेटियां पहुंच गई है, जबकि एमआईएस के तहत भी 51 हजार मीट्रिक टन सेब एचपीएमसी और हिमफेड ने खरीद लिया है।

यह जानकारी बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बुधवार को यहां दी। बागवानों से एमआईएस के तहत भी एचपीएमसी और हिमफैड भी सेब प्रीक्योर कर रहा है। एमआईएस के तहत खरीदे गए सेब की बागवानों की 40 करोड़ की देनदारी बाकी है। करीब 40 करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं शेष देनदारी को भी सरकार शीघ्र दे देगी।

उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने प्राकृतिक आपदा से बेहतरीन ढंग से निपटते हुए सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाने का काम किया है। जबकि विपक्ष सेब की

फसल सड़ने के बेबुनियाद आरोप लगा रहा था। किलो के हिसाब से सेब बेचने का विरोध हो रहा था, लेकिन सरकार ने किलो के हिसाब से सेब बेचने का निर्णय लागू किया और बागवानों को अच्छे दाम मिले हैं।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के सरकार गिरने के बयान पर कहा कि भाजपा मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है जबकि प्रदेश सरकार बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 10 महीने की कांग्रेस सरकार में ही परेशान हो चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय 22 हजार से अधिक इंतकाल के मामले लंबित है इसके निपटारे के लिए राजस्व विभाग द्वारा 30 और 31 अक्टूबर को प्रदेश भर में दो दिनों के लिए इंतकाल दिवस मनाया जाएगा।

नेगी ने बताया कि प्रदेश में राजस्व के हजारों मामले पेंडिंग पड़े हैं जिनमें 22000 से अधिक मामले इंतकाल के है। ऐसे में इंतकाल दिवस मनाने का फैसला लिया गया है । जहां अधिक से अधिक ऐसे मामलों को निपटाया जाएगा उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पेंडिंग मामलों की संख्या को देखते हुए प्रति माह इंतकाल दिवस मनाने की योजना है।

राजस्व मंत्री ने जनता के राजस्व संबंधी मामलों को समय पर पूरा करने की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि सरकार हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। जिसके चलते प्रदेश में विपक्

शार्ट न्यूज

अर्जेंटीना ने मेसी के दो गोलों से पेरू को हराया

लीमा। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के पहले हाफ में किए गए दो गोल की मदद से फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में पेरू को 2-0 से हरा दिया। लीमा में नेशनल स्टेडियम में मंगलवार को यहां खेले गये मैच में मेसी ने आधे घंटे के बाद ही पहला गोलकर अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने मेसी के 16 गज की दूरी से किये गये दूसरे गोल से बढ़त को 2-0 कर दिया। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ने क्वालीफायर में शानदार शुरुआत बरकरार रखी है। अर्जेंटीना ने चार मैच जीते है और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद उरुग्वे पर पांच अंकों की बढ़त बना ली है। पेरू अब तक केवल एक अंक के साथ 10 टीमों की तालिका में नौवें स्थान पर है। मंगलवार को दक्षिण अमेरिका के क्वालीफाइंग ग्रुप में अन्य जगहों पर हुए मुकाबलों में उरुग्वे ने ब्राज़ील को 2-0 से हराया, इक्वाडोर को कोलंबिया ने गोल रहित घरेलू ड्रा पर रोका, पराग्वे ने बोलीविया पर 1-0 से जीत हासिल की, और वेनेजुएला ने चिली पर 3-0 से जीत दर्ज की।

नादौन में एशियन राफ्टिंग चौंपियनशिप तीन नवंबर से

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला के ऐतिहासिक कस्बे नादौन में तीन, चार और पांच नवंबर को एशियन राफ्टिंग चौंपियनशिप की मैराथन स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और इंडियन राफ्टिंग एसोसिएशन ने इसकी तैयारियां आरंभ कर दी हैं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बुधवार को नादौन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा राफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके चौंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के पास स्थित ऐतिहासिक कस्बे नादौन में रिवर राफ्टिंग जैसी एडवेंचर स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म की भी काफी अच्छी संभावनाएं हैं। इसलिए, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार यहां एशियन राफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। संभवत: मुख्यमंत्री स्वयं इसके उदघाटन या समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप भाग लेंगे। उपायुक्त ने बताया कि राफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं तकनीकी कमेटी ने बुधवार सुबह ही नादौन में राफ्टिंग चौंपियनशिप के स्टार्टिंग प्वाइंट से लेकर चंबा पत्तन में फिनिशिंग प्वाइंट तक पूरे रूट का जायजा लिया है। उन्होंने ब्यास के मौजूदा जलस्तर को राफ्टिंग के लिए काफी उपयुक्त बताया है। उपायुक्त ने तकनीकी कमेटी से रूट के संबंध में तुरंत सर्टिफिकेट जारी करने की अपील भी की।

अश्विन को टीम में शामिल करने पर रहेंगी प्रशंसकों की नजर

पुणे। आईसीसी विश्व कप में महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनर आर अश्विन को टीम में शामिल किये जाने सवाल पर रहेंगी लाखों प्रशंसकों की नजर। हालांकि इस मुकाबले में भारत का पलड़ा भारी है। ऐसा माना जा रहा है कि पुणे की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल नेट अभ्यास के दौरान दिग्गज स्पिनर अश्विन को स्पिन गेंदबाजी पर टिप्स देते देखा गया। ऐसा माना जा रहा है कि टीम का बल्लेबाजी क्रम को परेशान नहीं करना चाहता, जब तक कि अश्विन एकादश के जरूरी न हो। यहां प्रशंसक भारत द्वारा आक्रामक खेल की उम्मीद कर रहे हैं, रोहित शर्मा शानदार लय में दिख रहे हैं और शुभमन गिल अहमदाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ वापसी की हैं, उन्होंने विकेट पर अपने संक्षिप्त पारी में आक्रमता की झलक दिखाई। रोहित ने तीन मैचों में 217 रन बनाए हैं और पिछले दो मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। आईसीसी विश्व कप 2023 में आठ विकेट के साथ जसप्रीत बुमरा संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। बंगलादेश के नजमुल हुसैन शांतो और मुश्फिकुर रहीम ने इस वर्ष एकदिवसीय मैचों में क्रमश: 764 और 714 रन बनाए हैं।

रोहित ने आईसीसी रैंकिंग में पांच पायदान की लागई छलांग

एजेंसी

दुबई। आईसीसी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कमाल करते हुए 5 स्थानों की छलांग लगाते हुए छठे पायदान पर पहुंच गये है। उल्लेखनीय है कि 10 अक्टूबर को जारी रैंकिंग में रोहित 11वें नंबर पर थे। ताजा एकदिवसीय रैंकिग में रोहित शर्मा छठे नंबर पर आ गए हैं और एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप 10 में भारत के तीन बल्लेबाज शामिल है। शुभमन गिल दो नंबर पर, रोहित शर्मा नंबर छठे तथा विराट कोहली वर्तमान रैंकिंग में नौ नंबर पर हैं। इसके अलावा रोहित शर्मा इस समय टेस्ट और एकदिवसीय रैंकिंग में टॉप 10 में मौजूद रहने वाले इकलौते भारतीय हैं।

बुधवार को आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार नवीनतम अपडेट के अनुसार क्विंटन डी कॉक, रोहित शर्मा और ट्रेंट बोल्ट ने पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में छलांग लगाई है। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डी कॉक ने लगातार दो शतकों के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की, लेकिन कल नीदरलैंड्स के खेले गये मुकाबले में 20 रन पर आउट होने के बाद शीर्ष स्थान के करीब पहुंचने का मौका चूक गए। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज फिर भी एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रन बनाने और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ 63 गेंदों में 86 रन बनाने के बाद रोहित पांच स्थान की लंबी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज़ (19 स्थान ऊपर 18वें स्थान पर) और नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (16 स्थान ऊपर 27वें स्थान पर) भी शानदार पारियों के बाद बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 836 रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं और वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में अपनी बढ़त 18 अंक का सुधार किया है।

वही भारत के युवा खिलाड़ी शुबमन गिल बीमारी पर काबू पाने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ 12 रनों के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरुआत करने वाले दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

बंगलादेश के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी के बाद न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। बोल्ट ने बंगलादेश के खिलाफ 45 रन देकर दो विकेट लिये थे। उन्होंने तौहीद हृदोय को आउट करके एकदिवसीय मैच में अपना 200वां विकेट भी लिया था।

अफगानिस्तान के जादूगर राशिद खान गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के ही स्पिनर केशव महाराज सात स्थान ऊपर चढ़कर मुजीब उर रहमान के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

तेज गेंदबाजों में, भारत के जसप्रित बुमरा (सात स्थान ऊपर) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (एक स्थान ऊपर) 14वें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि लुंगी एनगिडी छह स्थान ऊपर 16वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

बंगलादेश के अनुभवी शाकिब अल हसन 343 अंकों के साथ एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं।

क्रिकेट विश्व कप की तेज शुरुआत से न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सैंटनर एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। क्रिकेट विश्व कप में अब तक गेंद के साथ ग्लेन मैक्सवेल के प्रभावशाली प्रभाव ने ऑलराउंडर रैंकिंग में उन्हें तीन पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गये है।

उरुग्वे ने क्वालीफायर मुकाबले में ब्राजील को 2-0 से हराया

मोंटेवीडियो। उरुग्वे ने डार्विन नुनेज़ और निकोलस डी ला क्रूज के दो गोल की बदौलत फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में ब्राजील को 2-0 से हरा दिया है। मंगलवार को खेले गये इस मुकाबले में लिवरपूल के स्ट्राइकर नुनेज ने मध्यांतर से ठीक पहले बुलेट हेडर के साथ स्कोरिंग की शुरुआत की, जिसने बाएं फ्लैंक से मैक्सिमिलियानो अराउजो के क्रॉस के बाद गोलकीपर एडर्सन को छकाते हुए गोल दाग दिया। इसके बाद मेजबान टीम के क्रूज ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। मोंटेवीडियो के सेंटेनारियो स्टेडियम में मिली इस जीत के बाद उरुग्वे 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी ग्रुप में चार मैचों में सात अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और गोल के मामले में ब्राजील से आगे है।

शिमला : बीड बिलिंग में होगा प्री-पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आगाज

शिमला। हिमाचल प्रदेश में आपदा के बाद पर्यटन को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है।

इसी दिशा में आगामी 26 अक्टूबर से दो नवंबर तक कांगड़ा के बीड बिलिंग में प्री पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारत समेत 32 देशों के पैराग्लाइडर हिस्सा लेंगे।

सरकार में मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) और बैजनाथ से विधायक किशोरी लाल ने कहा कि पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के आयोजन से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटकों का हिमाचल के प्रति फिर से विश्वास कायम होगा।

सीपीएस किशोरी लाल ने बताया कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बीड बिलिंग में प्री पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी आएंगे। प्री पैराग्लाइडिंग कप में भारत समेत 32 देशों के पैराग्लाइडर भाग ले रहे है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी घोषित किया गया है और इस कड़ी में कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य चला है। इस एयरपोर्ट में जब बड़े विमान उतरेंगे तो ऐसे में भारी संख्या में पर्यटक आएंगे और कांगड़ा का पर्यटन की दृष्टि से विकास होगा।

दानिश कनेरिया ने धार्मिक पूर्वाग्रह को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट को घेरा

बेंगलुरू। मोहम्मद रिजवान द्वारा हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में नमाज पढ़ने और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जय श्री राम के नारे लगाने को लेकर उपजे विवाद के बीच पाकिस्तान के पूर्व स्टार स्पिनर दानिश कनेरिया ने पाकिस्तान क्रिकेट में धार्मिक पूर्वाग्रह को उजागर किया है।

दानिश ने एक वीडियो के साथ संलग्न पोस्ट में श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले के दौरान मैदान में इस्लाम के प्रदर्शन के लिए एक पाकिस्तानी खिलाड़ी की आलोचना की। वीडियो में दिखाया गया है कि एक पाकिस्तानी खिलाड़ी तिलकरत्ने दिलशान से कह रहा है कि वह इस्लाम कबूल कर ले, अगर वह ऐसा नहीं करेंगा तो आग में जलकर राख हो जाएगा। पाकिस्तानी खिलाड़ी को यह कहते हुए देखा गया, अगर आप (हैं) गैर-मुस्लिम हैं और

आप मुस्लिम बन जाते हैं, तो चाहे आप जीवन में कुछ भी करें, आप सीधे स्वर्ग जाएंगे।

जिस पर दिलशान जवाब देते हैं लेकिन वीडियो में ऑडियो अस्पष्ट है। जवाब में पाकिस्तानी खिलाड़ी कहता है, तो फिर आग के लिए तैयार रहो।

इस पर टिप्पणी करते हुए कनेरिया ने कहा, चाहे वह ड्रेसिंग रूम हो, खेल का मैदान हो या डाइनिंग टेबल, मेरे साथ यह हर दिन होता है।

एक अन्य पोस्ट में कनेरिया ने क्रिकेट कमेंटेटर वकार यूनिस द्वारा रिज़वान के मैदान में नमाज़ पढ़ने को उचित ठहराने पर सवाल उठाते हुए व्यंग्यात्मक ढंग से कहा, काफिर हिंदुओं के सामने नमाज़ पढ़ना मैच से अधिक महत्वपूर्ण था। यही समस्या है।

वकार एक पाकिस्तानी टेलीविजन में कहते देखे गये हैं, मोहम्मद रिज़वान ने समझदारी से खेला और जो आक्रामकता उन्होंने दिखाई और सबसे अच्छा जो रिज़वान ने किया माशाअल्लाह, जो मैदान में खड़े होकर हिंदुओं के सामने नमाज पढ़ते थे, वह वास्तव में कुछ था ख़ास मेरे लिए।

कनेरिया ने पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर की यह कहने के लिए भी आलोचना की कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अंदर के माहौल से ऐसा नहीं लग रहा था कि यह कोई आईसीसी कार्यक्रम है।

आर्थर ने कहा था, देखिए, अगर मैं कहूं कि ऐसा नहीं हुआ तो मैं झूठ बोलूंगा। ईमानदारी से कहूं तो यह आईसीसी की कोई स्पर्धा नहीं लग रही थी। यह एक द्विपक्षीय सीरीज जैसा लग रहा था, ऐसा लग रहा था कि यह बीसीसीआई की स्पर्धा है मैंने ऐसा नहीं किया। आज रात माइक्रोफोन पर 'दिल दिल पाकिस्तान' बार-बार नहीं सुनाई देगा।

यहां तक कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने भी आर्थर को उनकी टिप्पणियों के लिए कहा, यह पूरी तरह से अनावश्यक और गैर-पेशेवर था। यह कुछ ऐसा था जो उनके नियंत्रण से परे था और उन्हें इस बारे में चिंतित होने वाला अंतिम व्यक्ति होना चाहिए। उनका काम परिस्थितियों के बावजूद खिलाड़ियों को प्रेरित करना है। इसका अच्छा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

डीआरएस फैसले से नाखुश वार्नर ने मांगा स्पष्टीकरण

बेंगलुरु। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने एक दिवसीय विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ मैच में डीआरएस के फैसले पर नाराजगी जताते हुये अधिक पारदर्शिता की मांग की है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में वार्नर ने अपने पगबाधा आउट करार देने के अंपायर जोएल विल्सन के फैसले से इस कदर निराश हो गये थे कि उन्होने गुस्से में अपना बल्ला अपने पैड पर दे मारा था। वार्नर ने कहा कि मैदान पर होने वाली घटनाओं और हॉकआई पर दिखाई देने वाली छवियों के बीच बेमेल होता है, जिससे पता चलता है कि तकनीक बॉल-ट्रैकिंग पर ध्यान केंद्रित करती है, न कि पिच के बाहर या हवा में गेंद की गति को। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बात करते हुए वॉर्नर ने कहा, जब मैं वहां था तो मैंने जोएल से पूछा कि क्या हुआ, उसने आउट क्यों दिया। अंपायर ने कहा कि गेंद रिवर्स स्विंग कर रही थी, इसलिए गेंदबाज के पक्ष में फैसला दिया है, उन्होंने ऐसा सोच कर निर्णय दिया है। लेकिन फिर जब आप इसका रीप्ले देखते हैं कि यह कैसे घटित हुआ तो आप थोड़ा परेशान हो जाते हैं, लेकिन यह बात हमारे नियंत्रण से बाहर है। वार्नर ने अंपायर जोएल विल्सन के साथ अपनी बातचीत और बड़े स्क्रीन पर रीप्ले देखने के बाद किस कारण से उन्हें निराशा हुई, इसके बारे में भी बताया।

सरकार के हर विभाग में खिलाड़ियों को नौकरी, सिद्धारमैया ने किया बड़ा एलान

बेंगलुरू। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पुलिस और वन विभाग के अलावा अन्य सरकारी विभागों में खिलाड़ियों को दो फीसदी आरक्षण के लिए सकारात्मक समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बुधवार को कहा कि वर्तमान में पुलिस और वन विभाग में खिलाड़ियों को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है, और अन्य सरकारी विभागों में रोजगार के लिए दो प्रतिशत कोटा देने की सकारात्मक समीक्षा की जाएगी। हाल ही में चीन में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कर्नाटक के एथलीटों और कोचों को सम्मानित करने और उन्हें नकद पुरस्कार देने के लिए एक कार्यक्रम रखा गया था। इसके बाद सीएम ने यह एलान किया। सिद्धारमैया ने कहा कि खिलाड़ियों ने देश और राज्य का नाम रोशन किया है, यह सभी कन्नड़ लोगों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इस बार चीन में एशियाई खेलों में भारतीय एथलीटों ने सबसे अधिक पदक जीते हैं, पिछली बार 70 पदक जीते थे और इस बार यह 107 है। उन्होंने आगे कहा, जनसंख्या के मामले में भारत पूरे विश्व में पहले स्थान पर है और एशियाई खेलों में भी हमें पहला या दूसरा स्थान मिलेगा तो देश का सम्मान बढ़ेगा।

आठ नए सदस्यों में चार महिलाएं भी शामिल

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के मुंबई में मंगलवार को संपन्न हुए सत्र में आठ नए सदस्यों को चुना गया। अब आईओसी में सदस्यों की कुल संख्या 107 हो गई है। चुने गए सदस्यों में चार महिलाएं भी हैं जिससे आईओसी में महिला प्रतिनिधित्व 41.1 प्रतिशत हो गया है। मलयेशियाई अभिनेत्री और निर्माता मिशेल योह को भी सदस्य बनाया गया है जो ओस्कर पुरस्कार विजेता हैं। योह ने कहा कि मुझे याद है कि जब किसी ने मुझसे पूछा था कि तुम अभिनेत्री कैसे बन गईं तो मैंने हमेशा कहा है कि मैंने कभी भी अभिनेत्री बनने का सपना नहीं देखा, लेकिन बचपन से मैं ओलंपियन बनना चाहती थी। योह मलयेशिया की जूनियर स्क्वॉश चैंपियन भी हैं और इस साल उन्हें सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री का ऑस्कर पुरस्कार भी मिला था। मतदान के बाद आईओसी के सत्र ने इस्राइल के पूर्व जुडोका येल अराद, हंगरी के बालाज फर्जेस और पेरू के पूर्व वालीबाल खिलाड़ी सेसिलिया रोक्साना टैट विलाकोर्टा को स्वतंत्र आईओसी सदस्यों के रूप में चुना गया। जर्मनी के खेल उद्यमी माइकल म्रोंज को भी स्वतंत्र सदस्य बनाया गया। दो उम्मीदवारों (एक महिला और एक पुरुष) को भी एक अंतरराष्ट्रीय महासंघ के अंदर उनके कार्यों के आधार पर चुना गया। वे स्वीडन के अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ की अध्यक्ष पेट्रा सोर्लिंग और कोरिया के अंतरराष्ट्रीय स्केटिंग संघ के प्रमुख जे-यूल किम हैं। ट्यूनीशिया के मेहरेज बौसयेने को राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष के रूप में आईओसी सदस्यता के लिए चुना गया।

हमास आईएसआईएस से भी बदतर : बाइडेन

अस्पताल पर हमला इजराइल का काम नहीं; हमास पर नई पाबंदियां लगाईं

तेल अवीव। इजराइल-हमास जंग के 12वें दिन अमेरिका के राष्ट्रपति इजराइल पहुंचे। उन्होंने जंग के मुद्दे पर नेतन्याहू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा- मैं खुद यहां आकर ये दिखाना चाहता था कि हम इजराइल के साथ हैं। हमास ने बेरहमी से इजराइल के लोगों का कत्ल किया है। वो ड्डस्ड्ढस् से भी बदतर हैं। उन्होंने कहा- इजराइल को अपनी रक्षा करने का पूरा हक है। इसमें अमेरिका हर तरह से उनका साथ देगा। हम अपना वादा निभा रहे हैं।

अमेरिका ने हमास पर नई पाबंदियों का ऐलान भी किया है। इनका मकसद उस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना है। पाबंदियों के दायरे में हमास मेंबर्स और इसके फाइनेंसर आएंगे।

बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन का अनुमान है कि हमास ने गैरकानूनी तौर पर करोड़ों डॉलर का इन्वेस्टमेंट कर रखा है।

वहीं, नेतन्याहू ने इजराइल पहुंचने के लिए बाइडेन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा- हमास ने एक दिन में 1400 से ज्यादा इजराइलियों की हत्या की।

अभी इजराइल के लिए यही अच्छी बात है कि उनका सबसे सच्चा दोस्त अमेरिका उनके साथ खड़ा है।

इजराइल में बाइडेन के लिए राजनीतिक चुनौती

अलजजीरा के इजराइली फौज हमास के खिलाफ जमीनी कार्रवाई की तैयारी पूरी कर चुकी है और उसे सरकार से हरी झंडी का इंतजार है। इजराइल चाहता है कि अमेरिका हमास के खिलाफ ऑपरेशन में उसकी राजनीतिक और आर्थिक तौर पर मदद करे।

इससे पहले इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने तेल अवीव के बेनगुरिअन एयरपोर्ट पर बाइडेन को रिसीव किया। बाइडेन ने नेतन्याहू को देखते ही गले लगाया। इस दौरान इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग भी वहां मौजूद रहे।

बाइडेन बोले- अस्पताल पर अटैक किसी और का काम

बाइडेन ने इजराइल के साथ एकजुटता का मैसेज उस वक्त दिया है, जब इजराइल पर गाजा के एक अस्पताल पर हमले करने का आरोप लगा है। इसमें 500 लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक प्रेस ने बाइडेन से अस्पताल पर हमले के बारे में भी सवाल किए।

गाजा अस्पताल पर हमले के बाद अमेरिका की सिक्योरिटी सर्विस ने कहा था कि वो इसकी जांच करेगी। हालांकि, बाइडेन ने इस मामले को लेकर इजराइल के ही बयानों को दोहरा दिया।

उन्होंने कहा- जितनी मुझे जानकारी है, ये काम इजराइल नहीं किसी और का है।

हालांकि, कई लोग हैं जो इसे लेकर कंफर्म नहीं हैं। दरअसल, इजराइल ने कहा है कि ये अटैक इस्लामिक जिहाद ने किया है।

वहीं, जब बाइडेन का एयरफोर्स वन विमान जैसे ही एयरपोर्ट पर उतरा तभी इजराइल बॉर्डर के किसुफिम इलाके में अटैक के सायरन बजे। ये इलाका तेल अवीव से काफी दूर है।

पाक में हिंदू लड़की किडनैप, इस्लाम कबूल करवाया

मुस्लिम से शादी करवाई; कोर्ट में बोली- परिवार के पास जाना है, लेकिन सेफ हाउस भेजा

अमृतसर। पाकिस्तान में हिंदू युवतियों पर जुल्म जारी है। पाकिस्तान की पुलिस के बाद अब ज्यूडिशियरी भी हिंदू परिवारों की दिक्कतों को कम नहीं कर पा रही है। पाकिस्तान के सिंध में एक और हिंदू परिवार का दर्द सामने आया है।

परिवार की लड़की कोर्ट में चिल्लाती रही, रोती रही, लेकिन कोर्ट ने लड़की की एक ना सुनी और उसे परिवार से जुदा कर दिया।

घटना पाकिस्तान के सिंध के मीरपुरखास की है। रीटा मेघवार नाम की युवती को दो महीने पहले घर से किडनैप किया था। उसे मुस्लिम युवक अहमदानी ने किडनैप किया था। किसी तरह परिवार पहले पुलिस के पास गया और फिर मामला कोर्ट तक पहुंच गया। जांच में सामने आया कि युवती को

इस्लाम कबूल करवा दिया गया और उसका निकाह अहमदानी के साथ हो गया।

कोर्ट में अत्याचार को किया बयान

मामला कोर्ट में पहुंचा तो बहस शुरू हुई। रीटा ने कोर्ट में खड़े होकर उस पर हुए अत्याचार को बयान किया। उसने साफ कहा कि उसे जबरदस्ती उठाया गया और इस्लाम कबूल करवाया गया। वह जबरदस्ती हुई शादी से भी खुश नहीं है और अपने परिवार के पास लौटना चाहती है।

रीटा बोली- परिवार के पास जाना है

रीटा बार-बार चीखती रही कि उसे अपने माता-पिता के पास जाना है और उसे अहमदानी के साथ कोई संबंध नहीं, लेकिन उसे कोर्ट ने सेफ हाउस में भेज दिया। रीटा बार-बार चीखती रही, उसे सेफ हाऊस में ना भेजा जाए, वे वहां सुरक्षित नहीं रहेगी, लेकिन कोर्ट ने हिंदू परिवार की एक ना सुनी और उसे महिला पुलिस के साथ भेज दिया।

सीरिया ने की गाजा अस्पताल पर हमले की निंदा

दमिश्क। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने गाजा पट्टी में एक अस्पताल पर हुए हमले की निंदा करते हुए इसे एक बर्बर कृत्य और इजरायल की गहरी दुश्मनी का प्रमाण बताया है। एक बयान में, मंत्रालय ने हमले को आधुनिक इतिहास में सबसे भयावह अत्याचारों में से एक बताया और जवाबदेही की आवश्यकता पर बल देते हुए इस कार्रवाई को हिंसा तथा आक्रामकता में चिंताजनक वृद्धि बताया। बयान में इज़रायल द्वारा किए जा रहे मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप का आह्वान किया गया। फ़िलिस्तीनी सूत्रों के अनुसार, मंगलवार शाम गाजा के अल-अहली अस्पताल पर एक रॉकेट गिरने से कम से कम 500 लोग मारे गए।

अल्जीरिया ने गाजा अस्पताल पर इज़रायल के 'जानबूझकर' हमले की निंदा की

अल्जीयर्स। उत्तरी अफ्रीकी देश अल्जीरिया ने इजरायल की ओर से गाजा के एक अस्पताल पर किए गए 'जानबूझकर' किये गये हमले की बुधवार को कड़ी आलोचना की। राष्ट्रपति कार्यालय ने आज यहां एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। बयान में कहा गया, अल्जीरिया, गाजा पट्टी के एक अस्पताल पर कब्ज़ा करने वाली सेना द्वारा जानबूझकर किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई फिलिस्तीनी बच्चे घायल हुए।अल्जीरिया अंतरराष्ट्रीय समुदाय, मानवीय संगठनों और वैश्विक चेतना से अंतरराष्ट्रीय मानवतावादी कानून और सबसे बुनियादी मानवीय मूल्यों का उल्लंघन करने वाले इन बर्बर कृत्यों को रोकने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करने का आह्वान करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अल अहली अरब अस्पताल पर हमला किया गया, जहां मरीज, स्वास्थ्य और देखभाल करने वाले तथा आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों ने आश्रय लिया हुआ था। गाजा स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमले इजरायल द्वारा किए गए थे, जबकि इजरायली सेना ने कहा कि इस हमले के लिए इस्लामिक जिहाद संगठन जिम्मेदार है।

इजरायल अमेरिकी सहायता का दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता बनने के लिए तैयार

वाशिंगटन। इस सप्ताह आपातकालीन सहायता में रिकॉर्ड 10 अरब डॉलर का अनुरोध करने के बाद, इजरायल अमेरिकी वित्तीय सहायता का दूसरा सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता बनकर उभरने के लिए तैयार है। विदेश मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। न्यूयॉर्क टाइम्स ने परिचित अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा है कि इजरायल सहायता पैकेज को अमेरिकी कांग्रेस में द्विदलीय समर्थन प्राप्त है और आज राष्ट्रपति जो बाइडेन की इजरायल की एकजुटता यात्रा के बाद सप्ताह में मतदान होने की उम्मीद है। यदि मंजूरी दे दी जाती है, तो पिछले दो दशकों में अमेरिका द्वारा इजरायल को दी गई सहायता उसी अवधि में यूक्रेन को प्रदान की गई वित्तीय सहायता से कहीं अधिक होगी, जिससे इजरायल संख्यात्मक रूप से अफगानिस्तान के बाद दूसरे स्थान पर आ जाएगा। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों से पता चलता है कि इज़रायल को 2001-2023 तक अमेरिकी सहायता में 63.1 अरब डॉलर प्राप्त हुए, जो प्रति वर्ष औसतन तीन अरब डॉलर है, जबकि यूक्रेन 30.4 अरब डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर रहा, जिसमें से अधिकांश पिछले दो वर्षों में प्रदान किया गया था। सितंबर के अंत तक, 111.7 अरब डॉलर की अमेरिकी फंडिंग के साथ अफगानिस्तान शीर्ष प्राप्तकर्ता रहा है। वाशिंगटन ने 20 से अधिक वर्षों में अपने सहयोगियों को सैकड़ों अरब डॉलर की सहायता दी है।

जॉर्डन ने इजरायल-हमास संघर्ष के कारण शिखर सम्मेलन किया रद्द

अम्मान। जॉर्डन ने बुधवार को अम्मान में प्रस्तावित चौतरफा शिखर सम्मेलन को रद्द करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी जॉर्डन की सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी ने दी। शिखर सम्मेलन में जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी को एक साथ लाने की योजना थी। जॉर्डन के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अयमान सफ़ादी ने आज कहा कि गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के खिलाफ चल रहे इजरायली हमले के कारण इस शिखर सम्मेलन को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में युद्ध को रोकने, फिलिस्तीनियों की मानवता का सम्मान करने और आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एक समाधान खोजने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन को निलंबित करने का निर्णय फिलिस्तीनियों और मिस्र के समकक्षों के साथ परामर्श करने के साथ-साथ अमेरिका के साथ चर्चा करने के बाद लिया गया है। सफ़ादी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रक्तपात समाप्त कराने का आग्रह किया और कहा कि शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

शार्ट न्यूज

सोनभद्र के शाहगंज की दुर्गापूजा व रामलीला कार्यक्रम को लेकर क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने स्थलीय अवलोकन कर वस्तुस्थिति जानी

सोनभद्र ।जिला मुख्यालय से पश्चिम घोरावल तहसील के शाहगंज कस्बे में विभिन्न स्थलों पर प्रायोजित दुर्गा पूजा प्रतिमा स्थापना स्थल , नवरात्रि जागरण एवं रामलीला कार्यक्रमों की जानी वस्तुस्थिति सीओ अमित कुमार ने ।स्थलीय परिभ्रमण के दौरान कार्यक्रम के आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सी0 ओ0 ने इन्हें सकुशल संपन्न कराए जाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी को अवगत कराया गया कि कार्यक्रम संबंधी अनुमति प्राप्त कर लें तथा अनुमति में दिए गए नियमों व शर्तों का पूर्णत: अनुपालन करें। कार्यक्रम आयोजन स्थलों के भ्रमण व गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी घोरावल , थाना प्रभारी थाना शाहगंज सूर्यभान, कस्बा चौकी प्रभारी सूजीत सेठ व थाना पर उपस्थित पुलिस बल एवं पीएसी उम्भा पुलिस बल की उपस्थिति बनी रही।

बसों का किराया 10 प्रतिशत कम करेगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार राजधानी बसों का किराया 10 प्रतिशत कम करने जा रही है। 100 नई एसी इलेक्ट्रिक बसों को खरीदा जाएगा। 250 बसों को जीसीसी मॉडल पर अनुबन्ध पर लिया जायेगा। प्रत्येक क्षेत्र के अधिक ऑफ रोड वाले एक-एक डिपो में बसों का रखरखाव आउटसोर्स एजेन्सी के माध्यम से किया जाएगा। यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अध्यक्ष व प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में बुधवार को निदेशक मण्डल की 246वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्तमान में 168 राजधानी बसों का संचालन किया जा रहा है। परिवहन निगम के चेयरमैन ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में समूह क एवं ख श्रेणी के रिक्त पदों की भर्ती हेतु उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज से कराये जाने के लिए प्रस्ताव शीघ्र भेजा जायेगा। इसके अलावा परिवहन निगम में कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति पारिवारिक यात्रा पास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दुर्घटनारहित संचालन करने वाले संविदा चालक व परिचालक हेतु सुरक्षित चालन प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिमाह दुर्घटना शून्य भत्ता सम्मिलित होगा। दुर्घटना घटित होने के उपरान्त चालक व परिचालक को उत्तम-उत्कृष्ट प्रोत्साहन योजना से हटा दिया जाएगा।

जी-20 में जारी घोषणापत्र को लागू करने को उच्च स्तरीय तंत्र होगा गठित

नयी दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन में जारी किए गए नयी दिल्ली घोषणा-पत्र के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी एवं समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय तंत्र स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने बुधवार को यहां जी-20 शिखर सम्मेलन में जारी किए गए नयी दिल्ली घोषणा-पत्र के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक में यह घोषणा की। इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्यक्ष, जी-20 शेरपा, जी-20 के मुख्य समन्वयक के साथ-साथ विदेश मंत्रालय, वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जी-20 घोषणा पत्र के कार्यान्वयन के लिए हो रहे प्रयासों के तहत, सात वेबिनारों की एक श्रृंखला आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। वेबिनार के विषयों में प्रस्तावित है- (1) सशक्त, टिकाऊ, संतुलित एवं समावेशी विकास, (2) सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्रगति में तेजी (3) स्थायी भविष्य के लिए हरित विकास औपचारिक समझौता (4) 21वीं सदी के लिए बहुपक्षीय संस्थान (5) तकनीकी परिवर्तन एवं डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (6) महिलाओं के नेतृत्व में विकास और (7) आतंकवाद एवं धन शोधन से मुकाबला। इन वेबिनारों का आयोजन संबंधित मंत्रालय करेंगे और सभी संबंधित विभागों को इसमें शामिल किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इसके अलावा जी-20 नयी दिल्ली घोषणा-पत्र के प्रभावी कार्यान्वयन पर संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों से जानकारी इकट्ठा की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट पीएमएलए पर पुनर्विचार की याचिकाओं पर करेगा सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखने के अपने जुलाई 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने का बुधवार को फैसला किया। केंद्र सरकार ने पुनर्विचार करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई का जोरदार विरोध किया है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 2022 का फैसला बहुत विचार-विमर्श के बाद दिया गया था। मेहता ने कहा कि यह पीठ इन कार्यवाहियों में इस पर दोबारा विचार नहीं कर सकती। इसका परिणाम यह हो सकता है मुकदमेबाजी का कोई अंत न हो। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से पूछा कि क्या फैसले में इन सभी मुद्दों पर गलत विचार किया गया है। सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सिब्बल ने कहा कि जमानत में दोहरी शर्त है और बिना जानकारी के कोई अपना बचाव कैसे करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका मामला यह है कि कानून संविधान के अनुरूप नहीं है। पीठ ने कहा कि अदालत प्रथम दृष्टया इस विवाद से सहमत नहीं है और मामले पर सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत याचिकाओं पर 22 नवंबर को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति कौल और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आर एफ नरीमन की पीठ ने नवंबर 2017 में पीएमएलए की धारा 45(1) को असंवैधानिक ठहराया था, क्योंकि यह एक आरोपी को जमानत देने के लिए दो और शर्तें लगाती है और कहती है कि यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है।

डीएम ने गोवंश आश्रय स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण

गैरजिम्मेदाराना रवैये पर संबंधित को दिए कार्यवाही के निर्देश

सोनभद्र । जिलाधिकारी ने गोवंश आश्रय स्थल राबर्ट्सगंज का किया औचक निरीक्षण और जानी वर्तमान स्थिति। गोवंश आश्रय स्थल में गोवंशों को समय से भूसा न देने व स्टाक रजिस्टर में निर्धारित मात्रा से अधिक वितरण अंकित पाये जाने पर जिलाधिकारी ने केयरटेकर को निलम्बित करने के निर्गत किये निर्देश। इससे भी आगे जाँच में गोवंश आश्रय स्थल के शिथिल पर्वेक्षण पाये जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश भी दिए और गोवंश आश्रय स्थल में पशुओं को चारा, भूसा, पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने को आदेशित किया जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह ने।

गोवंश आश्रय स्थल राबर्ट्सगंज के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर पाया कि नादों में पशुओं को खाने के लिए भूसा नहीं डाला गया था और स्टाक रजिस्टर में भूसा डालने का विवरण अंकित कर दिया गया था।

डीएम की नाराजगी वाजिब थी जिसपर प्रतिक्रिया स्वरूप गोवंश आश्रय स्थल के केयरटेकर निजामुद्दीन को निलम्बित करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किये। इसी दौरान गौशाला के निरीक्षण में पाया कि पशुओं के गोबर व्यवस्थित तरीके से नहीं रखे गए हैं जिस पर जिलाधिकारी ने अन्यत्र स्थान का चयन कर गोबर को इकठ्ठा करने के निर्देश दिये और इस स्थान पर एकत्र गोबर को बेचने की कार्यवाही करने को आदेशित किया।

गोवंश आश्रय स्थल की साफ-सफाई व्यवस्था, समय से पशुओं को चारा उपलब्ध न पाये जाने पर और गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण न करने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। मौके पर उपस्थित गोवंश आश्रय स्थल से सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश आश्रय स्थल में रह रहे पशुओं को समय से भूसा, चारा, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय और पशु चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा गोवंश आश्रय स्थल में रह रहे पशुओं का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी करते रहें।

लद्दाख में 13 गीगावाट की नवीनीकरणीय ऊर्जा परियोजना को स्वीकृति

नयी दिल्ली । सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में अनुमानित 20,773.70 करोड़ रुपये की लागत से 13 गीगावॉट नवीनीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (जीईसी) द्वितीय चरण - अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लद्दाख में 13 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (जीईसी) द्वितीय चरण - अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम (आईएसटीएस) परियोजना को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को वित्त वर्ष 2029-30 तक शुरु करने का लक्ष्य है, जिसकी कुल अनुमानित लागत 20,773.70 करोड़ रुपये होगी। इसमें केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) परियोजना लागत का 40 प्रतिशत यानी 8,309.48 करोड़ रुपये है।

बाल विवाह मुक्त उत्तरप्रदेश अभियान

'हर बच्चे हेतु परिवार' थीम पर आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम

सोनभद्र ।जिले में जिलाधिकारी , पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार मिशन शक्ति 4.0के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम घसिया बस्ती चुर्क रॉबर्ट्सगंज में आयोजित किया गया।

महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह ने मिशन शक्ति फेज् - 4 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते साइबर क्राइम के बारे में बताया तथा बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, गुड टच बैड टच, टोल फ्री नंबरों के बारे में गहरी जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग जिला समन्वक सीमा द्विवेदी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में परत - दर- परत उकेरे तथ्यों को। इसमें कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना पर रोशनी डाली। जिला समन्वयक साधना मिश्रा द्वारा अडॉप्शन के संबंध में हर बच्चे हेतु परिवार आवश्यकता को रेखांकित करते जानकारी परोसी ।सखी वन स्टॉप सेंटर की सेंटर केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह द्वारा घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पोक्सो एक्ट, आपसी विवाद, मारपीट, बाल विवाह विषयों पर क्रमवार प्रकाश डाला व्याख्यान में तो वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान चौकी इंचार्ज चुर्क अजय श्रीवास्तव, कंप्यूटर ऑपरेटर आकांक्षा पांडे, महिला आरक्षी विद्या सहित अन्य संबंधित स्टाफ मौजूद रहा।

निमोनिया से बचाव हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित हुई SAANS (सोशल अवेयरनेस एन्ड एक्शन टू न्यूट्रॉलाइज़ निमोनिया सक्सेसफुल्ली) प्रोग्राम के अंतर्गत स्टॉफ नर्सेस एवं मेडिकल आफ़ीसर का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मे मण्डल स्तर से डाश जयंत कुमार, संयुक्त निदेशक देवीपाटन मण्डल गोण्डा, राहुल कुमार मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक एनज़्एचज़्एमज़ देवीपाटन मण्डल गोण्डा द्वारा प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण भी किया गया द्य प्रशिक्षण कार्यशाला में ब्लॉक रेहरा बाजार, तुलसीपुर, एवं हरैय्या सतघरवा के स्टॉफ नर्स एवं मेडिकल आफ़ीसर द्वारा प्रतिभाग किया गया द्य प्रशिक्षण कार्यशाला में 0-5 वर्ष तक के बच्चों मे निमोनिया की पहचान, उपचार, रेफरल मैंनेजमेंट और डोजेज के बारे मे विस्तार से बताया गया ।डा मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा प्रशिक्षण के महत्व के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी।

बाल मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में हुआ भव्य रामलीला मंचन

'श्री राम जन्म, सीता प्राकट्य का प्रस्तुतीकरण'

नई दिल्ली। श्री राम की प्रेरणा एवं अनुकम्पा से प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी बाल मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल, डिफ़ेन्स एंकलेव, विकास मार्ग, दिल्ली में भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है । इस रामलीला की सबसे विशेष बात यह है कि इसका निर्देशन स्कूल की अध्यापिकाएँ करतीं हैं और इसमें सभी छोटी- बड़ी सभी भूमिकाएँ स्कूल के छात्र ही निभाते हैं लीला का आरंभ होता है जब क्रौंच पक्षी के वध के दौरान वाल्मीकि के मुख से श्लोक फूटता है और वे नारद जी की प्रेरणा से रामायण को काव्यरूप में लिखते हैं।

आज रात के मंचन में रावण बह्मा जी की अखण्ड तपस्या कर उनसे वरदान प्राप्त करता है। रावण के पात्र को बारहवीं के कार्तिक ने जीवंत कर दिया।

वरदान प्राप्त करने के बाद रावण के आतंक से ग्रस्त, पृथ्वी और देवताओं ने बह्मा जी, शिव जी और विष्णु जी (षष्ठी के अव्य चतुर्वेदी) की एवं उनसे पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त करने की प्रार्थना की।

'पृथ्वी राक्षस मुक्त कराने,
विष्णु जी लेते अवतार ।
रावण जब अत्याचार करे,
जन्म लेंगें तारणहार ।।'

उनकी प्रार्थना सुन विष्णु जी श्री राम रूप में अवतार लेकर रावण का अंत करने का वचन देते हैं ।

अगले दृश्य में अयोध्या में राजदरबार सजा था और राजा दशरथ (नवीं का आर्यन गुप्ता) सिंहासन आरूढ़ थे । उन्होंने श्रवण कुमार (छठी के सम्राट कश्यप) को वृद्ध माता- पिता को तीर्थयात्रा कराने का मार्गदर्शन दिया। परंतु उनके ही शब्द बाण के द्वारा श्रवण परम गति को प्राप्त हुए और उनके माता-पिता ने राजा दशरथ को श्राप दिया ।

राजा दशरथ को पुत्र नहीं होने पर उन्हें श्रृंगि ऋषि (कक्षा ग्यारहवीं का हर्षित) द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ कराने का सलाह दी गई जिसके बाद राजा दशरथ ने सपत्नी इनसे पुत्रेष्ठि यज्ञ कराया इसके बाद श्री राम सहित चार पुत्र रत्नों की प्राप्ति उन्हें हुई। नव जन्में राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के पात्र भी स्कूल के छात्रों के नव जन्में भाइयों ने निभाया। यह बात सिद्ध करती है कि स्कूल के छात्र ही नहीं अपितु उनके अभिभावक भी अपने छोटे बच्चों को इस मंचन का पात्र बनाकर आनंदित होते हैं ।

श्री राम के जन्म के उपरांत राजा जनक (नवीं के हार्दिक ठाकुर) को हल चलाते हुए प्रस्तुत किया गया एवं सीता प्राकट्य उपरांत राजा जनक और सुनैना द्वारा उन्हे पुत्री रूप में स्वीकार किया गया।

रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर का मन्चन हुआ

गाजियाबाद । क्रॉसिंग रिपब्लिक सांस्कृतिक कला संगम समिति के तत्वाधान में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर पर क्रॉसिंगवासियों ने नाच-गाकर खुशियां मनाई। क्रॉसिंग रिपब्लिक के ग्रीन बेल्ट में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन सीता स्वयंवर मंचन से पूर्व श्रीराम द्वारा ताड़का वध, सुबाहू वध, अहिल्या उद्धार, श्रीराम लक्ष्मण का मिथिला नगरी एवं मिथिला वाटिका का भ्रमण तथा रावण-वाणासुर संवाद का आकर्षक मंचन क्रॉसिंग के स्थानीय कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला मंचन में विश्वामित्र की भूमिका सचिन ने, ताड़का की वंश ने, सुबाहु की आर्यन ने, मारीच की गौरव ने, श्रीराम की श्रेयस अग्निहोत्री ने, लक्ष्मण की बंटी ने, अहिल्या की ज्योत्सना ने, सीता की श्रीति ने, माली की निखिल ने, रावण की पार्थ ने,

वाणासुर की वंश ने, राजा जनक की गोविंद ने, सुनन्या की नीरज ने, दासी की ज्योत्स्ना ने, राजागण की गगन सिध्दार्थ आर्यन कृष सोनू ने, सखियों की अस्मिता मानसी मान्या निधि वैष्णवी सलोनी जानकी ने तथा परशुराम की भानु ने अभिनय करके क्रॉसिंग वासियों का दिल जीत लिया। लक्ष्मण एवं परशुराम के संवाद पर दर्शकों के बीच तालियों की गड़गड़ाहट देर तक चलती रही। धनुष टूटने के पश्चात् जब सीता जी ने जब श्री राम के गले में जयमाला डाला तो दर्शकों ने पुष्प वर्षा एवं नृत्य के साथ खूब खुशियां मनाईं। कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका साहित्यकार आशीष प्रकाश ने निभाई।

रामलीला से पूर्व स्थानीय बच्चों के 10 ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें से आर0 डांस अकादमी को परफॉर्मेंस ऑफ द डे का अवार्ड मिला।

कार्यक्रम का संचालन दीपशिखा माहेश्वरी एवं आशीष प्रकाश ने की। कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक कला संगम समिति के अध्यक्ष क्षितिज सिंघल ने की। समिति के अन्य पदाधिकारियों बी पी एस भाटिया, आशुतोष चंदन, तरुण भरत चौहान, संजू, अर्चना अग्निहोत्री, अंजलि कौशिक, विजय गोयल, डा. दिनेश शर्मा, विकोस कुमार श्रीवास्तव, रवि गुप्ता, साहित्यकार डॉ0 मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर, संजय अग्निहोत्री, अविनाश वर्मा, ए के जैन आदि के साथ किया। मेले में माउंट लिटेरा ज़ी एजुकेशन, मणिपाल हॉस्पिटल के साथ-साथ, खिलौने, गेम , रेडीमेड गारमेण्ट, आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स, खानपान की सामग्री के विभिन्न स्टॉल तथा बच्चों एवं बड़े सभी के मनोरंजन हेतु विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं, जिसका आनंद दर्शकों ने लिया।

सीओ ने ली ग्राम चौकीदारों की बैठक

सोनभद्र ।जनपद के थाना कर्मा और शाहगंज में क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने ली ग्राम चौकीदारों की बैठक। ग्राम चौकीदारों को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों पूर्णत: अवबोध कराते इसके प्रति संवेदीकरण किया गया एवं हाल ही में चल रहे त्योहारों जिसमें नवदुर्गा प्रतिमा स्थापना , मूर्ति विसर्जन जुलूस , रामलीला मंचन, रावण दहन, भरत मिलाप आदि के कार्यक्रमों व मेलों की दृष्टिगत समझाया गया। सीओ ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले इस तरह के कार्यक्रमों में असामाजिक व अराजक तत्वों पर नजर रखें तथा इसकी सूचना थाना स्थानीय को उपलब्ध कराएं। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी उपस्थित ग्राम चौकीदारों को जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि ग्राम क्षेत्र में कच्ची शराब के अड्डों , जुआ खेलने वाले स्थलों एवं अन्य अवैध कार्य करने वाले स्थलों के बारे में सूचना उपलब्ध कराएं ।उनके द्वारा दी जाने वाली सूचनाओं को गोपनीय रखते हुए थाना स्थानीय द्वारा आवश्यक निवारक व विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम चौकीदारों को उनके क्षेत्र में गंभीर भूमि विवादों एवं अन्य गंभीर किस्म के विवादों के विषय में सूचना देने हेतु भी बताया गया।

सर सैयद अहमद खान की 205वीं जयंती के अवसर पर ज़श्न ए सर सैयद का आयोजन किया गया

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

सादुल्लानगर(बलरामपुर)। हाजी इस्माईल इंटर कालेज के कान्फ्रेंस हाल में अलीगढ़ के मुस्लिम यूनिवर्सिटी (ए एम यू) के संस्थापक सर सैयद अहमद खान की 205वीं जयंती के अवसर पर ज़श्न ए सर सैयद का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत तराना-ए - अलीगढ ए मेरा चमन ऐ मेरा चमन मैं अपने चमन का बुलबुल हूँ इस कार्यक्रम का संचालन शाहिद हुसैन सिददीकी ने किया ।इस कार्यक्रम में सपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता डाक्टर एहसान खान व बसपा नेता सगीर उस्मानी, और मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में डाक्टर एहसान ने कहा कि सर सैयद अहमद ने अपनी पूरी जिंदगी भारतीयों के लिए आधुनिक शिक्षा में लगा दी।

वे चाहते थे कि सभी भारतीय राष्ट्रीय पहचान के साथ जीवन यापन करें। इसके लिए उन्होंने अपनी कलम का पूरा इस्तेमाल किया।

उन्होंने यह भी कहा कि अपने व्याख्यानों एवं लेखों के माध्यम से भारतीयों को प्रोत्साहित करने का काम किया।

सबसे बड़ी बात यह कि उन्होंने अपने जमाने के तकाजों को समझा, और उन्हें अमलीजामा पहनाने की पुरजोर जद्दोजहद की।

वहीं पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा नेता सगीर उस्मानी ने कहा कि हिंदुस्तान में जिन्होंने शिक्षा को नया रूप दिया उनका नाम सर सैयद अहमद खान है। शाहिद हुसैन ने सर सैयद की जीवनी पर रोशनी डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को डाक्टर इरशाद अहमद, कमर सिददीकी, डाक्टर अब्दुर्रहमान, डाक्टर अशफाक, मोहम्मद उस्मान खान, आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया।

इस कार्यक्रम में मुजीबुल्लाह सिददीकी, बरकतुल्लाह, सुफियान, शाहिद हुसैन, कमर सिददीकी, इरशाद अहमद आदि लोगों का विशेष योगदान रहा, इस अवसर पर जुनैद, शादाब, बरकत अली,अताउल्लाह, नसीम रायनी, कुतबुददीन खान ,श्यामुददीन खान, मोहम्मद बशीर, मोहम्मद अहमद, मोहतशिम, हाशिर, मिशाल, हिबा, रूश्दा, तूबा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

मोदी महाराष्ट्र में प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल केन्द्रों का शुभारंभ करेंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केन्द्रों का शुभारंभ करेंगे। ये केन्द्र महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण कौशल विकास केन्द्र विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलायेंगे जिनसे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढेंगे। प्रत्येक केन्द्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इन केन्द्रों की स्थापना से अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी।

डीजे संचालकों पर होगी विशेष नजर

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर/उतरौला। थाना कोतवाली उतरौला परिसर मे बुधवार को प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दूबे ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा की आप सभी के माध्यम से यह अवगत कराना है कि आगामी त्यौहार एवं जुलूस के दौरान डीजे संचालकों द्वारा यदि दो साउन्ड से अधिक उपयोग मे पाए जाने पर उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी और ड्रोन कैमरे से सभी त्यौहारों की जूलूस पर निगरानी की जाएगी। उन्होंने अपने प्रेस वार्ता के दौरान एक बिंदु पर और भी लोगों को जागरूक होने की अपील की उन्होंने बताया कि आगामी त्यौहार में लोग पानी की बोतलों का भीड़ में छिड़काव करते हैं इस पर भी समाज के जागरूक लोगों एवं भंडारा आयोजको के लोगों को ध्यान देना चाहिए कि पानी की ऐसी व्यवस्था करें कि लोग उसको पी सके ना कि पानी का दुरुपयोग होने पाए। कोई भी

धार्मिक उत्सव आस्था श्रद्धा और विश्वास के भावों से भरा होता है। धार्मिक उत्सव जोश और जुनून से नहीं मनाया जाना चाहिए। इसके लिए दिलों में उमंग होना चाहिए ना की डीजे का हाई डेसबिल शोर जो किसी की जान पर बन जाए।

डीजे की होड़ ने न सिर्फ धार्मिक उत्सव के भावों पर कुठाराघात किया है बल्कि अब जानलेवा भी साबित हो रहा है। इसका ताजा उदाहरण सराय फाटक पर रहने वाले संगम लाल जी के साथ देखने को मिला। हाई डेसिबिल डीजे की शोर से उनके दिल की धड़कनें बढ़ गई और वह अपना दिल थाम कर वहीं बैठ गए। हालांकि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई लेकिन हम सब के घरों में तमाम बुजुर्ग मां-बाप रहते हैं उनके लिए यह हाई डेसिबल साउंड कितना खतरनाक साबित हो सकता है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। यही नहीं छोटे बच्चों और दिल के बीमार लोगों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है।

इसलिए सभी से विनम्र अनुरोध है कि धार्मिक उत्सव को उत्सव की भांति मनायें और की डीजे के हाई डेसिबल साउंड को कम रखें। स्वयं को तथा अपने आसपास के लोगों को अनावश्यक कष्ट न पहुंचे इसका ध्यान रखें ! प्रेस वार्ता के दौरान सभी पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।